हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 193, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 12 जनवरी, 2024 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

# भारत को कोई आंख नहीं दिखा सकता : रक्षामंत्री

## राजनाथ सिंह ने लंदन में पीएम सुनक से की मुलाकात; बोले- गलवान झड़प के बाद चीन का रुख बदला

लंदन। ब्रिटेन दौरे पर गए भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लंदन में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात ब्रिटिश पीएम के आधिकारिक निवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट, लंदन में हुई। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों ने अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक, बहुआयामी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी में ढालने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।



**दोनों देश संबंध मजबूत करने पर सहमत**– रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन और अन्य समान विचारधारा वाले देशों को शांतिपूर्ण और स्थिर वैश्विक नियम आधारित व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए और भारत के उत्थान में सहयोगी बन सकते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने भी व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दोनों देशों के साथ मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच चल रहे मुक्त व्यापार समझौते को सफल निष्कर्ष पर लाया जा सकता है। मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक को राम दरबार की प्रतिमा उपहारस्वरूप दी। इस मुलाकात के दौरान ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर टिम बैरो भी मौजूद रहे।

**'भारत को कोई आंख नहीं दिखा सकता'**– इससे इतर लंदन के इंडिया हाउस में एक कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में चीन के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित एक लेख का उदाहरण देते हुए कहा कि चीन का भी अब भारत को लेकर नजरिया बदल चुका है और चीन, भारत को एक उभरती आर्थिक ताकत और रणनीतिक ताकत के रूप में स्वीकार करता है। राजनाथ सिंह ने इसकी वजह देश के तेज आर्थिक विकास और मजबूत विदेश नीति को दिया। राजनाथ सिंह ने ये भी कहा कि गलवान घाटी में हुई भारतीय और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद भी चीन का भारत के प्रति रुख बदला है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब भारत को कमजोर देश नहीं माना जाता बल्कि इसे उभरती हुई वैश्विक ताकत के तौर पर देखा जाता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 'अब ऐसा नहीं है कि कि भारत को आंख दिखा के जो चाहे सो निकल जाए।' उन्होंने कहा कि 'हम किसी को भी दुश्मन देश के तौर पर नहीं देखते, लेकिन दुनिया इस बात से वाकिफ है कि भारत और चीन के रिश्तों में तनाव है। हालांकि हम चाहते हैं कि अपने पड़ोसी देशों और दुनिया के अन्य देशों के साथ दोस्ताना संबंध रखें।' राजनाथ सिंह ब्रिटेन के आधिकारिक दौरे पर हैं और यह किसी भी भारतीय विदेश मंत्री का बीते बीस सालों में यह पहला दौरा है। राजनाथ सिंह ने लंदन में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरून से भी मुलाकात की। लंदन के ट्रिनिटी हाउस में ब्रिटिश रक्षा मंत्री ग्रांट शैप्स और राजनाथ सिंह ने भारत-ब्रिटेन के रक्षा उद्योग के सीईओ के गोलमेज सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी।

## लोकसभा चुनाव 2024: अखिलेश यादव ने दिए निर्देश, मतदाता सूची पर नजर रखें कार्यकर्ता

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हमारा कोई भी मतदाता छूट न जाए इसलिए 22 जनवरी को जारी होने वाली मतदाता सूची पर नजर रखी जाएगी। जनता महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा नेताओं के जमीन कब्जाने से परेशान है और बदलाव चाहती है। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को लखनऊ में विधानसभा अध्यक्षों के साथ चर्चा के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। गठबंधन में कांग्रेस से सीट शेयरिंग को लेकर उन्होंने कहा कि बहुत अच्छे माहौल में चर्चा हुई है। जल्द ही इसकी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहा है सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति सिर्फ एक नारा बनकर रह गई है। हर घर में बेरोजगार युवक बैठा है। जनता भाजपा को हटाने के लिए तैयार है। 2022 में किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया गया था। बिजली महंगी हो गई है। किसानों को तार लगाकर अपनी फसलें बचाना पड़ रहा है। लोगों को इलाज नहीं मिल रहा है। सपा ने जिन मेडिकल कॉलेजों को बनाए थे वो भी नहीं चलाए जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता, कार्यकर्ता और अधिकारी मिलकर लोगों की जमीनों को हड़पने का काम कर रहे हैं। लोगों ने इतनी लूट कभी नहीं देखी होगी जितनी भाजपा सरकार में हो रही है।

# अयोध्या-अहमदाबाद के बीच शुरू हुई इंडिगो की हवाई सेवा, सीएम योगी ने दिखाई हरी झंडी

लखनऊ। धर्मनगरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन-पूजन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अहमदाबाद-अयोध्या के बीच सीधी हवाई सेवा का विकल्प मिल गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अहमदाबाद-अयोध्या के लिए इंडिगो एयरलाइंस की सीधी हवाई सेवा का गुरुवार को शुभारंभ किया। अयोध्या-अहमदाबाद के बीच नई हवाई सेवा के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उड़ान सेवा से भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या, हवाई सेवा द्वारा, सीधे अहमदाबाद से जुड़ गयी है। अयोध्या से दिल्ली के बाद अहमदाबाद दूसरा कनेक्टेड स्थल है।

आगामी 15 जनवरी से मुम्बई के लिए उड़ान सेवा आरम्भ हो जाने के पश्चात मुम्बई तीसरा कनेक्टेड स्थल हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, दिनांक 16 जनवरी, 2024 से दिल्ली के लिए एक और उड़ान आरम्भ हो रही है। मुख्यमंत्री ने बेहतर हवाई सेवाओं को पर्यटन और व्यापार की गतिविधियों को इससे बड़ा प्रोत्साहित करने वाला बताया। प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या 59.97 लाख थी, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 96.02 लाख हो गयी। विगत 03 वर्षों में प्रदेश में हवाई यात्रियों की




संख्या में 29.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016-17 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या 39. 68 लाख, वाराणसी में 19.16 लाख, गोरखपुर में 54 हजार तथा प्रयागराज में 45 हजार थी। जबकि वर्ष 2022-23 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़कर 52.20 लाख, वाराणसी में 25.21 लाख, गोरखपुर में 7.18 लाख तथा प्रयागराज में 5.71 लाख हो गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना है कि एक सामान्य नागरिक भी हवाई जहाज में यात्रा करे, हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई सेवा का लाभ उठाये। राज्य सरकार इस परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 05 वर्ष पहले तक एक छोटी सी एयरस्ट्रिप थी लेकिन आज वहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहा है। आज हर व्यक्ति अयोध्या आने का इच्छुक है।

इसलिए प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप सरकार ने सड़क, रेल और वायु मार्ग की बेहतर कनेक्टिविटी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए 821 एकड़ की भूमि राज्य सरकार ने उपलब्ध कराई और केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने समयबद्धता के साथ विश्वस्तरीय एयरपोर्ट तैयार कराया। उत्तर प्रदेश में इंडियो एयरलाइन्स की उपस्थिति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिगो द्वारा उत्तर प्रदेश के 08 नगरों लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बरेली तथा अयोध्या से उड़ान सुविधा दी जा रही है। इसमें लगातार बढोतरी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ान वर्ष 2009 में प्रारम्भ हुई। वर्तमान में 13 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 84 उड़ानें प्रतिदिन उपलब्ध हैं।

# घने कोहरे में लिपटा प्रदेश, पछुआ हवा ने बढ़ाई गलन, और भी नीचे लुढ़केगा न्यूनतम तापमान

लखनऊ। गुरुवार की सुबह की शुरूआत घने कोहरे के साथ हुई। लखनऊ और उसके आसपास के जिलों में घना कोहरा रहा। सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। कोहरे के साथ गलन लोगों को परेशान करती रही। इसके पहले बुधवार को हल्की धूप जरुर निकली लेकिन हवाओं की वजह से गलन लोगों को ठिठुराती रही। पारे में उतार-चढ़ाव और हवा की चाल ठिठुरन बढ़ा रही है। बुधवार को 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली पछुआ हवा ने गलन बढ़ा दी। इसके चलते धूप बेअसर रही। हालांकि तापमान में विशेष बदलाव नहीं आया। अधिकतम तापमान 17 तो न्यूनतम 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अगले दो-तीन दिन में अधिकतम तापमान दो डिग्री तक बढ़ने और न्यूनतम तापमान के लुढ़कने के आसार हैं। फिलहाल



गलन से राहत नहीं मिलेगी।

**आठवीं तक के स्कूलों की छुट्टी 13 तक बढ़ी**– ठंड को देखते हुए कक्षा आठ तक के सभी सरकारी, गैर सरकारी व निजी स्कूलों में 13 जनवरी तक छुट्टी बढ़ा दी गई है। इससे पहले यह अवकाश 6 से 10 जनवरी तक बढ़ाया गया था। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार की ओर से बुधवार को जारी आदेश में कहा गया है कि नौवीं से 12वीं तक के सभी विद्यालय सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक चलेंगे। आदेश के मुताबिक विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य की ये जिम्मेदारी होगी कि कक्षा में ठंड से बचाव की व्यवस्थाएं कराएं। संभव हो तो कक्षाओं का संचालन ऑनलाइन माध्यम से कराया जाए।

## मौसमी हिंदू हैं कांग्रेसी, इनके पास अयोध्या जाने की नैतिक ताकत नहीं : गिरिराज सिंह

पटना। भारतीय जनता पार्टी के फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री ने राम मंदिर मामले को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने के लिए कांग्रेस के पास नैतिक ताकत नहीं है। कांग्रेस द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल होने का निमंत्रण अस्वीकार करने पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, "ये लोग मौसमी हिंदू हैं, जब उन्हें लगता है कि उन्हें वोट लेना है, तो वह सॉफ्ट यानी नरम हिंदू बनने की कोशिश करते हैं।

**कांग्रेस अपने आप से समाप्त होने वाली पार्टी है**– केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद से कांग्रेस में कोई अयोध्या गया है। कांग्रेस पार्टी ने ही अयोध्या मामले को अदालत में लटकाने-भटकाने का काम किया था, इसलिए उनके पास अयोध्या जाने की नैतिक ताकत नहीं है। हमको कांग्रेस के खिलाफ नहीं बोलना है। कांग्रेस अपने आप से समाप्त होने वाली पार्टी है। जनता भी अब कांग्रेस का सच जान चुकी है।

**ममता बनर्जी की पार्टी एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी**– इतना ही नहीं केंद्रीय मंत्री ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी एक प्राइवेट



लिमिटेड कंपनी है और ऐसी कंपनी किसी अन्य को शेयरधारक नहीं बनाती है। पार्टी का सुपर शेयरधारक उनका भतीजा (अभिषेक बनर्जी) है। अगर कोई हिस्सा मांगना चाहता है और अभिषेक बनर्जी का विरोध करना चाहता है, तो वह इसे बर्दाश्त करेगी। जनता इस बात को जानती है। आने वाले चुनाव में जनता जरूर जवाब देगी।

## 'विनाशकाले विपरीत बुद्धि', कांग्रेस के राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' के निमंत्रण को अस्वीकार करने पर बोले केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। कांग्रेस द्वारा राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' के निमंत्रण को अस्वीकार करने पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, "अगर उन्होंने निमंत्रण को ठुकराया है तो जनता उन्हें ठुकरा देगी... निमंत्रण भाजपा ने दिया है, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दिया है और उसे नकारने से उनका रामद्रोही आचरण प्रकट होता है... उनका ऐसा निर्णय निश्चित तौर से विनाशकाले विपरीत बुद्धि है।" बता दें, अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए विपक्षी दलों के नेताओं को भी निमंत्रण भेजा गया है। हालांकि, कांग्रेस सहित कुछ दलों ने इसे अस्वीकार कर दिया है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए इस समारोह को भाजपा और आरएसएस का इवेंट करार दिया था। हालांकि, कांग्रेस के



शीर्ष नेताओं का इस फैसले से पार्टी के कुछ नेताओं ने नाराजगी जाहिर की है। गुजरात के कांग्रेस विधायक अर्जुन मोढवाडिया ने आलाकमान के फैसले पर आपत्ति जाहिर की है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बनी सुरक्षा योजनाएं धरातल पर उतरने लगी हैं। अतिथियों के आगमन और यातायात को दृष्टिगत रखते हुए रामनगरी में पांच स्थानों पर पार्किंग चिह्नित की जा चुकी है, जिसमें 12 वीवीआईपी पार्किंग हैं। इनमें रामकथा पार्क, फटिक शिला, रामघाट सहित अन्य स्थान शामिल हैं। एयरपोर्ट की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने संभाल ली है। इनकी संख्या 250 से अधिक है। आधुनिक हथियारों से लैस जवानों ने विधिवत अपना दायित्व निभाना शुरू कर दिया। यहां तैनात रहे विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) के जवान अब रामजन्मभूमि परिसर में रहेंगे। इन जवानों के परिसर में पहुंचने के बाद राम मंदिर की सुरक्षा में अब एसएसएफ जवानों की संख्या 550 से अधिक हो जाएगी।

## स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सपा प्रमुख के दावे की बताई सच्चाई

नई दिल्ली। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने यूरिया को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव के यूरिया महंगे किए जाने के दावे पर मांडविया ने इसे झूठ करार दिया है। मांडविया ने कहा कि मैं ये स्पष्ट कर देता हूं कि नीम कोटेड यूरिया की 45 किलो की प्रति बैग 266.5 रुपये में मिलती थी और हमेशा मिलती रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी के जय अनुसंधान के नारे के साथ हमने किसानों के हित में नया सल्फर कॉटेड ह्यगोल्ड यूरियाह्न बनाया है, जिसकी नई मात्रा व दाम तय किए गए हैं, न कि किसी और के दाम बढ़ाए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने सपा प्रमुख अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा कि कोविड के समय भी उन्होंने देश में बनी वैक्सीन पर सवाल उठाये थे, जिसको देश और हमारे वैज्ञानिक भूल नहीं पाये हैं। आज फिर से अखिलेश ने उन्हीं वैज्ञानिकों का मजाक उड़ाया है। मांडविया ने आगे कहा कि मुझे आशा है कि अखिलेश अब किसानों को गुमराह नहीं करेंगे व किसान हित में मिलकर काम करेंगे। बता दें कि एक पोस्ट में सपा प्रमुख ने भाजपा सरकार पर किसानों के शोषण का आरोप लगाया था। अखिलेश ने कहा था कि यूरिया की बोरी वजन में घटकर अब 40 किलो की हो गयी



है। उन्होंने कहा था कि किसान ये साधारण गणित अच्छे से समझता है कि पहले 266.50 रुपये में 45 किलो यानी एक किलो यूरिया का दाम लगभग 5.92 रुपये पड़ता था, लेकिन अब 266.50 रुपये में 40 किलो यानी लगभग 6.66 किलो प्रति किलो पड़ेगा। अखिलेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने एक झटके में यूरिया 12 फीसद महंगा कर दिया है।

# 'संविधान को कुचला गया', 'सामना' में स्पीकर राहुल नार्वेकर पर बरसी उद्धव की शिवसेना

मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने गुरुवार को अपने मुखपत्र 'सामना' में लिखे एक लेख में विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर पर निशाना साधा। 'सामना' के लेख में लिखा गया कि 'चोरों के एक गैंग को असली शिवसेना बताया गया। संविधान को कुचला गया।' दरअसल स्पीकर राहुल नार्वेकर ने बुधवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी। सामना में भाजपा पर भी निशाना साधा गया है।

**'प्रदेश की जनता माफ नहीं करेगी'**– शिवसेना यूबीटी ने कहा कि प्रदेश की जनता इसके जिम्मेदार लोगों को माफ नहीं करेगी। पार्टी ने भाजपा को भी निशाने पर लिया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने कहा कि राहुल नार्वेकर को न्याय करना था, लेकिन उन्होंने शिंदे के वकील की तरह बर्ताव किया। गौरतलब है कि बुधवार को राहुल नार्वेकर ने विधायकों



की अयोग्यता के मामले पर अपना फैसला सुनाते हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को असली शिवसेना माना। साथ ही स्पीकर ने किसी भी विधायक को अयोग्य घोषित नहीं किया। इसे शिंदे की शिवसेना के लिए बड़ी राजनीतिक सफलता माना जा रहा है। सामना में लिखा गया कि 'चोरों के गैंग को मान्यता देकर संविधान को कुचला गया। स्पीकर का आदेश पहले से तय था और इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है। स्पीकर के विस्तृत फैसले को दिल्ली में उनके बॉस लोगों द्वारा लिखा गया था।' आरोप लगाया गया कि 'बाल ठाकरे की शिवसेना को गद्दारों को देने का फैसला, महाराष्ट्र से बेईमानी करने जैसा है। नार्वेकर के पास इतिहास बनाने का मौका था, लेकिन उन्होंने जो फैसला दिया, उससे लोकतंत्र का चेहरा काला हुआ।'

**संजय राउत ने निकाला गुस्सा**– संजय राउत ने कहा 'लोगों के मन में गुस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर को न्याय करने की जिम्मेदारी दी थी, लेकिन नार्वेकर ने शिंदे के वकील की तरह बर्ताव किया।' राउत ने कहा 'नार्वेकर द्वारा पार्टी के 2018 के संविधान को अस्वीकार करना गलत है क्योंकि यह पहले सुप्रीम कोर्ट में रखा गया था। नार्वेकर ने भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम किया ना कि न्यायाधिकरण की तरह। राउत ने कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट जाएगी।'

## सुप्रीम कोर्ट से राकांपा नेता नवाब मलिक को राहत, अंतरिम जमानत 6 महीने और बढ़ाई गई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता नवाब मलिक की अंतरिम जमानत छह महीने के लिए बढ़ा दी है। ईडी की ओर से पेश एडिशनल सॉलीसिटर जनरल एसवी राजू की ओर से मलिक की याचिका का विरोध नहीं किया गया। इसके बाद जज जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने मलिक को चिकित्सा आधार पर दी गई जमानत की अवधि बढ़ा दी। गौरतलब है कि पिछले साल 12 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट ने मामले में मलिक की अंतरिम जमानत तीन महीने के लिए बढ़ाई थी। मलिक ने ईडी द्वारा जांच किए जा रहे मामले में चिकित्सा आधार पर जमानत देने से इनकार करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के 13 जुलाई 2023 के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने पहले कहा था कि मलिक गुर्दे की बीमारी से पीड़ित हैं और पिछले साल 11 अगस्त को दो महीने के लिए



अंतरिम जमानत मिलने के बाद से उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। बता दें कि ईडी ने भगोड़े माफिया दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से कथित रूप से जुड़े मामले में मलिक को फरवरी 2022 में गिरफ्तार किया था।

## संपादकीय

# फैसला और संदेश, असली शिवसेना पर रार खत्म, लेकिन दरार कायम

महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायकों की योग्यता के मसले पर पिछले काफी समय से चल रहा जद्दोजहद तकनीकी रूप से आखिर अपने अंजाम तक पहुंच गया लगता है। राज्य विधानसभा के अध्यक्ष ने समूचे मामले में बारह सौ पन्नों में दर्ज ब्योरे के आधार पर जो फैसला सुनाया, वह महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से एक अहम प्रभाव रखने वाली शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ। हालांकि इस फैसले के आने से पहले तक दोनों पक्षों के बीच एक कशमकश बनी हुई थी, इसके बावजूद एकनाथ शिंदे का समूह संख्या बल अपने साथ होने के आधार पर अपने हक में फैसला आने को लेकर एक तरह से आश्वस्त था। वहीं उद्धव ठाकरे गुट के बीच एक आखिरी उम्मीद थी कि शायद विधानसभा अध्यक्ष की राय उनके पक्ष की दलीलों पर आधारित होगी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने उद्धव गुट की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें शिवसेना से बगावत करने वाले सोलह विधायकों की योग्यता को रद्द करने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अब जो फैसला सामने आया है, उसके मुताबिक 21 जून, 2022 को जब पार्टी दो समूह में बंटी, तब उसके बाद और चुनाव आयोग के रिकार्ड में भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट ही वास्तविक शिवसेना था। जाहिर है, इस फैसले के बाद उद्धव ठाकरे और उनके समूह को घोर निराशा हुई है, जो यह मान कर चल रहे थे कि कानूनी प्रक्रिया में जाने के बाद उनके गुट को ही वास्तविक शिवसेना के रूप में मान्यता मिलेगी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने पार्टी पर शिंदे गुट का हक होने के पक्ष में शिवसेना के ही उस संविधान का उल्लेख किया, जो 1999 में तैयार किया गया था। उसके अनुसार चुनाव आयोग में पार्टी का 1999 का ही संविधान सौंपा गया था, इसलिए फैसले का आधार भी वही होगा। जबकि शिवसेना के संविधान में 2018 किए गए संशोधन के मुताबिक पार्टी प्रमुख का फैसला ही पार्टी का फैसला होगा। जाहिर है, इस पुराने संविधान में की गई व्यवस्था की कसौटी पर उद्धव ठाकरे गुट का पक्ष कमजोर साबित हुआ और यही शिंदे समूह के लिए मददगार बना। इसी बुनियाद पर विधानसभा अध्यक्ष ने यह व्यवस्था दी कि एकनाथ शिंदे को पार्टी से निकालने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं है। स्वाभाविक ही इस फैसले से शिंदे गुट के जिन सोलह विधायकों पर अयोग्यता की तलवार लटकी हुई थी, उन्हें बड़ी राहत मिली है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर निर्णय के लिए विधानसभा अध्यक्ष को ही उचित प्राधिकार बताया था और दस जनवरी तक का वक्त निर्धारित किया गया था। मगर अब विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के बाद उद्धव ठाकरे के गुट की ओर से यह कहा गया है कि फैसला उम्मीद के उलट है, इसलिए इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी। यानी एक बार फिर यह मामला शीर्ष अदालत के कठघरे में जा सकता है। जो हो, फिलहाल जो तस्वीर सामने आई है, उससे यही लगता है कि अब उद्धव ठाकरे के समूह के सामने अपना नया राजनीतिक अस्तित्व खड़ा करने की जरूरत पड़ेगी। अगर ऐसा होता है तो महाराष्ट्र के मौजूदा राजनीतिक समीकरण में नई तस्वीर भी उभर सकती है। राज्य की राजनीति में लंबे समय से शिवसेना का प्रभाव अलग-अलग रूप में कायम रहा है। अब दो समूहों में बंटने के बाद और राज्य में मुख्य रूप से भाजपा के समांतर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के ध्रुवों के बीच सिमटी शक्ति के साथ शिवसेना की राज्य की राजनीतिक दिशा को तय करने में कितनी और क्या भूमिका होगी, यह देखने की बात होगी।

## फिर से घमासान!



छिड़ा है निमंत्रण पर ।
फिर से घमासान ।।
नहीं हमको जाना ।
अपना भी सम्मान ।।
बेवजह बेमतलब ।
मुद्दे रहे उखाड़ ।।
अब लगता है उनको ।
देंगे झंडे गाड़ ।।
विनाशकाले बुद्धि शायद ।
हो रही विपरीत ।।
छोड़ रहा ना पीछा ।
उनका जो अतीत ।।
कभी कभी तो शांत चित्त से ।
कर लो थोड़ा काम ।।
है करनी समीक्षा ।
क्यों रहे नाकाम ।।

–कृष्णोन्द्र राय

# मुस्लिम बाहुल्य सीटें ही उत्तर प्रदेश में विपक्षी नेताओं की पहली पसंद क्यों बन रही हैं?

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का ग्राफ लगातार ऊपर जा रहा है। बीजेपी का यूपी में चुनाव दर चुनाव जीतना इसकी एक बड़ी बानगी है। बीते दस वर्षों से यूपी में बीजेपी कोई बड़ा चुनाव नहीं हारी है। इसी के चलते बीजेपी के टिकट के लिय मारामारी भी खूब हो रही है। यूपी में आम चुनाव लड़ने और आसानी से जीत जाने की संभावना सिर्फ बीजेपी में दिखाई दे रही है। अन्य दलों के उम्मीदवारों के लिए इसका उलट है। गैर बीजेपी दलों के अन्य नेताओं की बात छोड़ भी दी जाये तो पार्टी के दिग्गजों के लिये भी यहां से चुनाव लड़ना और जीतना आसान नहीं रह गया है। इसी के चलते कई नेताओं ने यूपी से किनारा कर लिया है, इनमें राहुल गांधी जैसे कांग्रेस के दिग्गज नेता भी शामिल हैं। राहुल गांधी अपने परिवार के परम्परागत अमेठी लोकसभा चुनाव को छोड़कर केरल की मुस्लिम बाहुल्य वॉयनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने चले गये। 2014 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट से मोदी को चुनौती देने आये आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने भी वाराणसी में मिली करारी हार के पश्चात यूपी से मुंह मोड़ लिया है। बीजेपी की यूपी में इतनी तूती बोल रही है कि प्रियंका वाड्रा गांधी तक यहां से चुनाव लड़ने का साहस नहीं कर पा रही हैं जबकि कांग्रेसी प्रियंका गांधी वाड्रा को गांधी परिवार की सबसे सुरक्षित रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाने का लगातार शिगूफा छोड़ रहे हैं। कहा जा रहा है कि रायबरेली की मौजूदा सांसद सोनिया गांधी स्वास्थ्य कारणों से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं। रायबरेली गांधी परिवार का अजेय दुर्ग माना जाता है। 2024 के महासमर में उत्तर प्रदेश की इकलौती बची सीट को बचाए रखने के लिए कांग्रेस सब कुछ दांव पर लगाने को तैयार है। पिछले चुनाव में अमेठी गंवाने के बाद पार्टी इस बार रायबरेली को लेकर पार्टी कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। लगातार पांच बार से चुनाव जीत रहीं सोनिया गांधी इस बार स्वास्थ्य कारणों से ज्यादा सक्रिय नहीं हैं। वहीं, भाजपा अमेठी जीतने के बाद अब रायबरेली में भी कमल खिलाने की तैयारी में है।



प्रियंका के लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना के बारे में सांसद प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। हां, इसमें संदेह नहीं कि रायबरेली से गांधी परिवार का ही सदस्य चुनाव लड़ेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि पूरी संभावना है कि इस बार प्रियंका गांधी वाड्रा ही रायबरेली से लड़ेंगी। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस संगठन में फेरबदल रायबरेली को लेकर भी बड़ा संकेत दे रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में कांग्रेस की गठबंधन रणनीति भले ही अभी साफ न हो मगर पार्टी महासचिव और पूर्व प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा का रायबरेली से चुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है, लेकिन मोदी मैजिक में रायबरेली भी अब कांग्रेस के लिये सुरक्षित नहीं रह गई है। जो हाल कांग्रेस के दिग्गजों का है वही हाल कमोवेश समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का भी है। वह भी अपने लिये मुस्लिम बाहुल्य सीट तलाश रहे हैं, ताकि जीत की राह में कोई बाधा नहीं आये। इसके लिये सपा प्रमुख अखिलेश यादव को आजमगढ़ लोकसभा सीट काफी मुफीद लग रही है। हालांकि लोकसभा चुनाव के लिए इंडी गठबंधन के सहयोगी दलों में अभी सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है, किंतु समाजवादी पार्टी ने अखिलेश के साथ-साथ करीब डेढ़ दर्जन सीटों पर अपने संभावित उम्मीदवार लगभग तय कर लिए हैं। आजमगढ़ लोकसभा सीट से एक बार फिर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनाव लड़ सकते हैं, यह खबर चर्चा में आते ही वहां सरगर्मी तेज हो गई है। बता दें पहले अखिलेश कन्नौज से चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में जुटे थे, लेकिन वहां अखिलेश का दिल नहीं कर रहा है। इसी के चलते वह अब मुस्लिम व यादव बाहुल्य आजमगढ़ सीट से चुनाव लड़ने काम मन बना रहे हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी वे यहीं से सांसद चुने गए थे, लेकिन बाद में उन्होंने लोकसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देकर विधान सभा चुनाव लड़ा और जीतने के बाद अब अखिलेश विधान सभा के सदस्य और नेता प्रतिपक्ष हैं। आजमगढ़ लोकसभा सीट हमेशा सपा के लिए पहले से मजबूत रही है। यहां पर वर्ष 2014 व 2019 के चुनाव में मोदी लहर के बावजूद सपा को जीत हासिल हुई थी। वर्ष 2014 में मुलायम सिंह यादव व 2019 में अखिलेश यादव चुनाव जीते थे। अखिलेश के इस्तीफे के बाद हुए उप-चुनाव में बीजेपी यहां से चुनाव जीती थी और समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहा था जबकि बसपा प्रत्याशी दूसरे नंबर पर आये थे। 2022 का विधानसभा चुनाव करहल से जीतने के बाद अखिलेश ने आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद रिक्त सीट पर हुए उपचुनाव में अखिलेश ने अपने चचेरे भाई धर्मेन्द्र यादव को मैदान में उतारा था, परंतु उन्हें तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा था। बीजेपी ने यहां पर दिनेश लाल यादव निरहुआ को टिकट दिया था। तीसरे प्रत्याशी बसपा के गुड्डू जमाली मैदान में थे। त्रिकोणीय लड़ाई में मुस्लिम मतों में बिखराव हुआ और यही सपा की हार का कारण बन गया।

राजनीति के जानकारों के अनुसार अखिलेश अपने मूल मतदाता यादव-मुस्लिम में बिखराव को बचाने के लिए यहां से चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। कन्नौज से भी अखिलेश चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, किंतु आजमगढ़ के राजनीतिक समीकरण उन्हें कहीं अधिक सुरक्षित लग रहे हैं। यहां के सभी पांचों विधायक सपा के हैं। कन्नौज से पिछला लोकसभा चुनाव अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव हार चुकी हैं। इसके साथ ही सपा अब तक करीब डेढ़ दर्जन संभावित उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर चुकी है। मैनपुरी से एक बार फिर डिंपल यादव अपने ससुर मुलायम सिंह यादव की राजनीतिक विरासत संभालेंगी तो घोसी से सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव राय चुनाव लड़ सकते हैं। इसी तरह फतेहपुर से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, फरूर्खाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, बदायूं से धर्मेन्द्र यादव, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, अंबेडकरनगर से लालजी वर्मा, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, कौशांबी से इंद्रजीत सरोज, उन्नाव से अनु टंडन के नाम पर सहमति बन गई है। इसी प्रकार मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एसटी हसन, बस्ती से राम प्रताप चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद, गाजीपुर से अफजाल अंसारी और सलेमपुर से रमाशंकर विद्यार्थी का टिकट लगभग पक्का है। दरअसल, समाजवादी पार्टी पूर्वांचल में बीजेपी की कमजोर नस दबाना चाहती है। इसकी वजह साफ है। भारतीय जनता पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में देश भर में भारी जीत हासिल की थी। इसके बाद भी पूर्वांचल के वाराणसी, मिर्जापुर व आजमगढ़ मंडल की एक दर्जन सीटों में पार्टी का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। भाजपा आजमगढ़, लालगंज, गाजीपुर, जौनपुर सीट हार गई थी, वहीं साथ ही कई सीटें मामूली अंतर से जीती थी। इसके बाद कुछ सीटों के समीकरण विधानसभा चुनाव 2022 के बाद बदल गए हैं।

# नवाज ने मनमोहन को देहाती औरत बताया था तो आग बबूला हो गये थे मोदी, पर मालदीव के मंत्रियों की हरकत पर चुप रही कांग्रेस

**नीरज कुमार दुबे**

मालदीव के तीन मंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी की तो सारे देशवासी अपने प्रधानमंत्री के साथ खड़े हो गये। क्या आम और क्या खास...हर कोई प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में प्रतिक्रिया देता दिखा। यही नहीं, विदेशी सरकारों के प्रतिनिधियों के बयान भी भारत और हमारे प्रधानमंत्री के समर्थन में आने लगे। साथ ही साथ मालदीव का भी पूरा विपक्ष भारत और हमारे प्रधानमंत्री के समर्थन में खड़ा हो गया। भारत के प्रधानमंत्री के खिलाफ बयानबाजी से नाराज मालीदव के विपक्षी दलों ने अपनी ही सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात तक कह डाली लेकिन यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि हमारे देश का विपक्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में खड़ा नहीं हुआ। यह सही है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद होते हैं लेकिन जब बात देश पर आये और देश के संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों पर





कोई हमला करे तो सभी को राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठना ही चाहिए।

ऐसा नहीं है कि भारत के प्रधानमंत्री पर किसी अन्य देश के नेता की ओर से पहले कभी हमला नहीं किया गया था। लेकिन जब भी ऐसा हुआ, भारतवासियों ने एकजुटता दिखाते हुए सामने वाले पर पलटवार किया। लेकिन आज का विपक्ष सत्ता के लिए ऐसा लोलुप नजर आ रहा है कि उसे इस बात का भय हो गया है कि कहीं वह यदि देश के साथ खड़ा हो गया तो उसे सरकार के साथ खड़ा होना ना मान लिया जाये। यह सही है कि लोकसभा चुनाव निकट हैं और प्रधानमंत्री की तारीफ करना या उनके समर्थन में खड़ा होने से विपक्ष बचना चाहेगा लेकिन विपक्ष को मौके की नजाकत को देखते हुए आचरण करना चाहिए था। विपक्ष को राष्ट्र हित और दल हित में अंतर समझना चाहिए था। राष्ट्र हित और दल हित में क्या अंतर होता है इसके लिए आपको 2013 का उदाहरण देखना चाहिए। उस समय पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को देहाती औरत बता कर राजनयिक विवाद खड़ा कर दिया था। दरअसल नवाज शरीफ ने एक पाकिस्तानी पत्रकार से बातचीत करते हुए कहा था कि मनमोहन सिंह ने अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा से मेरी शिकायत एक देहाती औरत की तरह की। उस समय भी भारत में आज की तरह ही चुनावी माहौल था। उस समय का विपक्ष चाहता तो चुप रहता लेकिन गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ने नवाज शरीफ की ओर से डॉ. मनमोहन सिंह के खिलाफ की गयी टिप्पणी पर सख्त एतराज जताया था और एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि नवाज शरीफ तुम्हारी हिम्मत कैसे हो गयी हमारे देश के प्रधानमंत्री को देहाती औरत कहने की? मोदी ने तब कहा था कि भारत के प्रधानमंत्री की इससे ज्यादा बड़ी बेइज्जती नहीं हो सकती। मोदी ने कहा था कि हम नीतियों के आधार पर एक दूसरे का विरोध करते हैं लेकिन इस तरह की हरकत को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा था कि सवा सौ करोड़ भारतीयों का यह देश अपने प्रधानमंत्री की बेइज्जती को बर्दाश्त नहीं करेगा।

लेकिन अगर मालदीव के तीन मंत्रियों की ओर से भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ की गयी टिप्पणियों पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया की बात करें तो वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रही। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि 2014 से जबसे मोदी सत्ता में आये हैं तबसे वह हर बात को व्यक्तिगत रूप में ले लेते हैं। उन्होंने कहा है कि पड़ोसियों के साथ हमें सौहार्द्रपूर्ण संबंध बना कर रखने चाहिए।

बहरहाल, कांग्रेस हो या उसके गठबंधन में शामिल अन्य पार्टियां, यह सही है कि आजकल यह सभी दल सीटों के बंटवारे पर चर्चा करने में मशगूल हैं लेकिन थोड़ा समय निकाल कर उन्हें देश को दिखाना चाहिए कि जब कोई भारत की संप्रभुता के खिलाफ बोलेगा, जब कोई भारत के संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ बोलेगा तो सारा देश एक स्वर में जवाब देगा।

# हिन्दी है राष्ट्रीयता की प्रतीक भाषा, फिर उपेक्षा क्यों?

**ललित गर्ग**

विश्व हिन्दी दिवस मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में फैले हिंदी जानकारों को एकजुट करना, हिन्दी को विश्व स्तर पर स्थापित एवं प्रोत्साहित करना और हिंदी की आवश्यकता से अवगत कराना है। अंग्रेजी भाषा भले ही दुनियाभर के कई देशों में बोली है और लिखी जाती है. लेकिन हिंदी हृदय की भाषा है। विश्व योग दिवस, विश्व अहिंसा दिवस आदि भारतीय अस्मिता एवं अस्तित्व से जुड़े विश्व दिवसों की शृंखला में विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। ताकि विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा हो तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में मान्यता मिले। विश्व हिंदी दिवस पहली बार 10 जनवरी, 2006 को मनाया गया था। आज हिन्दी विश्व की सर्वाधिक प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा है, विश्व में हिन्दी की प्रतिष्ठा एवं प्रयोग दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लेकिन देश में उसकी उपेक्षा एक बड़ा प्रश्न है। सच्चाई तो यह है कि देश में हिंदी अपने उचित सम्मान को लेकर जूझ रही है। राजनीति की दूषित एवं संकीर्ण सोच का परिणाम है कि हिन्दी को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह स्थान एवं सम्मान आजादी के अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र में अंग्रेजी को मिल रहा है। अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं की सहायता जरूर ली जाए लेकिन तकनीकी एवं कानून की पढ़ाई एवं राजकाज की भाषा के माध्यम के तौर पर अंग्रेजी को प्रतिबंधित या नियंत्रित किया जाना चाहिए। आज भी भारतीय न्यायालयों में अंग्रेजी में ही कामकाज होना राष्ट्रीयता को कमजोर कर रहा है। हिन्दी के बहुआयामी एवं बहुतायत उपयोग में ही राष्ट्रीयता की मजबूती है, जीवन है, प्रगति है और शक्ति है किन्तु इसकी उपेक्षा में विनाश है, अगति है और स्खलन है।

हिंदी इस समय विश्व में तेजी से उभरती हुई भाषा है। दुनियाभर में 70 करोड़ से ज्यादा लोग हिंदी भाषा बोलते हैं। यही वजह है कि अंग्रेजी और मंदारिन चीनी भाषा के बाद हिंदी दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद, टोबैगो, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान और नेपाल आदि में लोग हिन्दी बोलते, पढ़ते और लिखते हैं। 1975 को महाराष्ट्र के नागपुर में पहला हिंदी विश्व सम्मेलन आयोजित किया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हुए इस सम्मेलन में उस दौरान 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। बाद में साल 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री रहे डॉ.मनमोहन सिंह ने हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाने की घोषणा की थी। इसके साथ ही इस दिवस को संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी को आधिकारिक भाषाओं की सूची में शामिल करने के मकसद से भी मनाया जाता है। इस दिन दुनिया भर में स्थित भारत के सभी दूतावासों में विश्व हिंदी दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

एथनोलॉग के वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस के 22वें संस्करण में बताया गया है कि दुनियाभर की 20 सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 6 भारतीय भाषाएं हैं, इनमें हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन गयी है। हिंदी भारत की राजभाषा है। सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व को समेट हिंदी अब विश्व में लगातार अपना फैलाव कर रही है, हिन्दी राष्ट्रीयता की प्रतीक भाषा है, उसको राजभाषा बनाने एवं राष्ट्रीयता के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित करने के नाम पर भारत में उदासीनता एवं उपेक्षा की स्थितियां परेशान करने वाली है, विडम्बनापूर्ण है। विश्वस्तर पर प्रतिष्ठा पा रही हिंदी को देश में दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हमने जिस त्वरता से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में पहल की, उसी त्वरा से राजनैतिक कारणों से हिन्दी की उपेक्षा भी है, यही कारण है कि आज भी देश में हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। देश-विदेश में इसे जानने-समझने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है।

हिन्दी को उसका गौरवपूर्ण स्थान दिलाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी के प्रयत्नों को राष्ट्र सदा स्मरणीय रखेगा। क्योंकि मोदी ने सितंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में भाषण देकर न केवल हिन्दी को गौरवान्वित किया बल्कि देश के हर नागरिक का सीना चौड़ा किया। हिन्दी का हर दृष्टि से इतना महत्व होते हुए भी भारत में प्रत्येक स्तर पर इसकी इतनी उपेक्षा क्यों? दुनिया में हिन्दी का वर्चस्व बढ़ रहा है, लेकिन हमारे देश में ऐसा नहीं होना, इन्हीं विरोधाभासी एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियों को ही दशार्ता है। स्वभाषा हिन्दी, राष्ट्रीयता एवं राष्ट्रीय प्रतीकों की उपेक्षा एक ऐसा प्रदूषण है, एक ऐसा अंधेरा है जिससे ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ ही हमारी राजभाषा भी है, यह हमारे अस्तित्व एवं अस्मिता की भी प्रतीक है, यह हमारी राष्ट्रीयता एवं संस्कृति की भी प्रतीक है। भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद ही हिन्दी को हर क्षेत्र में प्रचारित-प्रसारित करने के लिए 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है।

विशेषतः अदालतों में आज भी अंग्रेजी का वर्चस्व कायम रहना, एक बड़ा प्रश्न है। देश की सभी निचली अदालतों में संपूर्ण कामकाज हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में होता है, किंतु उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में यही काम केवल अंग्रेजी में होता है। यहां तक कि जो न्यायाधीश हिंदी व अन्य भारतीय भाषाएं जानते हैं वे भी अपीलीय मामलों की सुनवाई में दस्तावेजों का अंग्रेजी अनुवाद कराते हैं। आमजन के लिए न्याय की भाषा कौन-सी हो, इसका सबक भारत और भारतीय न्यायालयों को अबू धाबी से लेने की जरूरत है। संयुक्त अरब अमारात याने दुबई और अबूधाबी ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अरबी और अंग्रेजी के बाद हिंदी को अपनी अदालतों में तीसरी आधिकारिक भाषा के रूप में शामिल कर लिया है। वहां के जनजीवन में हिन्दी का सर्वाधिक प्रचलन है। दुनिया में जितने भी देश महाशक्ति के दर्जे में आते हैं, उनकी शासकीय कार्य एवं अदालतों में मातृभाषा चलती है। यूरोपीय देशों में जैसे-जैसे शिक्षा व संपन्नता बढ़ी, वैसे-वैसे राष्ट्रीय स्वाभिमान प्रखर होता चला गया। रूस, चीन, जापान, वियतनाम और क्यूबा में भी मातृभाषाओं का प्रयोग होता है। लेकिन भारत, भारतीय अदालतें एवं सरकारी महकमें कोई सबक या प्रेरणा लिए बिना अंग्रेजी को स्वतंत्रता के सतहतर साल बाद भी ढोती चली आ रही हैं।

## स्मार्ट मोबाइल मिलने पर खुश दिखी छात्रायें



प्रखर पिंडरा वाराणसी। क्षेत्र के आईपीएनएस महिला महाविद्यालय बैरहना अकोढ़ा में शासन द्वारा निर्गत छात्राओ को गुरुवार को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अनिल कुमार शर्मा ने कहाकि सरकार द्वारा प्रदत्त स्मार्ट मोबाइल से छात्राये स्मार्ट बने । इसका प्रयोग अपने जीवन कौशल के लिए करें। इस दौरान स्मार्ट मोबाइल मिलने के बाद छात्राओ के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

# भाकियू की मासिक पंचायत बैठक संपन्न

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। भारतीय किसान यूनियन कि मासिक पंचायत ग्राम खजुरौल के पोखर के पास स्थित पंचायत भवन पर संपन्न हुए जिसकी अध्यक्षता तारा प्रसाद सिंह ने की और संचालन जिला सचिव डा पंचम सिंह ने की। पंचायत में निम्न समस्याओं पर चर्चा की गई

1. रवि की फसल की सिंचाई हेतु जनपद के जिन बांधों में पानी उपलब्ध है पानी देकर सिंचाई कराया जाए ताकि किसानों की फसल बच सके, जल जीवन मिशन के आदेश को सिंचाई होने तक शिथिल रखा जाए ,और बांधों को भरने के लिए अतिरिक्त पानी की व्यवस्था किया जाए व ममनिया लिफ्ट कैनाल के पास जरगो बांध में खुदाई करवाया जाए।



2. वाराणसी शक्तिनगर मार्ग SH 5A पर अहरौरा में बने अस्थाई टोल को हटाने के लिए 43 दिन तक भारतीय किसान यूनियन मिजार्पुर ने धरना चला रखा था जिला प्रशासन ने 27 दिसंबर 2023 को यह कहकर धरना स्थगित करवाया कि 13 जनवरी 2024 तक शासन स्तर पर वार्ता कराकर समाधान कर दिया जाएगा समाधान नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन 20 जनवरी 2024 से पुनः धरना प्रारंभ करेगी जिस पर आम समिति से जिला प्रशासन से लिखित समझौता हुआ ।

3. प्रयागराज संगम में पांच दिवशीय 14,15,16,17,18, जनवरी को चिंतन शिविर में सक्रिय पंचायत में किसानों को गांव से अधिक से अधिक संख्या में चलने के लिए आह्वाहन किया गया।

4. जिले में खाद की आपूर्ति हर समितियां पर कराया जाए।

5. धान खरीद में यदि किसी समिति पर?20 से ज्यादा वसूली किया जाता है तो इसका विरोध भारतीय किसान यूनियन करती है, समितियो/ केंद्रों पर बोरा व पैसा की उपलब्धता बनी रहे।

6. रवि की सिंचाई के लिए दिन में 12 घंटे के साथ 18 घंटे बिजली दिया जाए।

7. रवि की फसलों को छुट्टा पशु ,नीलगाय ज्यादा संख्या में पहुंचकर गेहूं, अरहर, सरसों की फसलों को नष्ट कर रहे हैं जिसका रोकथाम किया जाए।

8. राजकीय रक्षा इकाई पर कीटनाशक दवा व खरपतवार नाशक दवा की उपलब्धता कराया जाए।

9. सिंचाई खंड चुनार में भागवत राजवाहा कुलावा नंबर चार पर नाली अवरूद्ध होने से गेहूं की सिंचाई में लगभग 5 वर्षों से सिंचाई नहीं हो रहा है जिससे घाटमपुर, मुजडीह , कुदारन व बरबकपुर इन गांव की सिंचाई सुनिश्चित कराया जाए।

10. सिंचाई खंड चुनार में भागवत राजवाहा से निकलने वाली बेलवारी माइनर में बेलवारी बिजुडका के बीच नहर पूर्वी पटरी टूट गई है जिसको अभिलंब बधवाया जाए।11. दिनांक 04 /01 /2024 को अहरौरा बांध पर समिति और सिंचाई विभाग के बीच बैठक हुई थी जिसमें 6/01/24 से डोंगिया बांध से पानी दिया जाना तय था, परन्तु विभाग ने जल जीवन मिशन का हवाला देकर पानी नहीं दिया, सिंचाई के लिए पानी दिलाया जाए, किसानों कोजरगो और अहरौरा बांध से भी सिंचाई के लिए किसानों को पानी दिया जाए। पंचायत में निम्न लोक उपस्थित रहे प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी जिला कोषाध्य स्वामी दयाल सिंह जिला सचिव विश्वनाथ सिंह परशुराम मौर्य मंडल उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अध्यक्ष सावित्री देवी राम प्यारे सिंह लक्ष्मण सिंह लल्लन सिंह ओम प्रकाश सिंह पूर्व प्रधान जगदीश सिंह रामसूरत सिंह चिल्ड्रन बंद नंदलाल भारती शिव कुमारी मनोरमा देवी सुशीला देवी जीरावती देवी।

## समाजसेवी कुलदीप की नेक पहल, जरूरतमंदों को कर रहे लगातार कंबल वितरण



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। समाजसेवी कुलदीप कनौजिया एक ऐसे समाजसेवी है जिन्होंने कोरोना से लेकर अब तक गरीब,असहायों को मदद करने में सबसे आगे रहे। इस समय कड़ाके की ठंड से बचने के लिए गरीब,असहाय जिनके पास कुछ नहीं है ऐसे लोगों को चिन्हित कर लगातार कंबल देने का कार्य कर रहे है। कुलदीप ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है,ना ही कोई पूजा है,सेवा से आत्म संतुष्टि मिलती है। सेवा को ही हर व्यक्ति को जीवन का आधार बनाना चाहिए। मनुष्य का जन्म एक दूसरे की सेवा के लिए ही होता है इसलिए जिस व्यक्ति के पास जितना हो सके यथाशक्ति सेवा जरूर करनी चाहिए।


## संक्षिप्त खबरें

### खनन अधिकारी की बड़ी कार्यवाही, अवैध तरीके से संचालित ट्रेक्टर ट्राली को लिया गिरफ्त में, लगाया जुर्माना



प्रखर संतकबीरनगर। जिले में अवैध रूप से हो रहे खनन को ले कर खनन अधिकारी एनके महतो का बड़ा एक्सन। अवैध खनन को लेकर मगहर क्षेत्र अक्सर सुर्खियों में रहता है। उसी क्रम में आज तड़के सुबह धुंध और कोहरे की आड़ में खनन अधिकारी को सूचना मिली की अवैध तरीके से खनन कर मिट्टी ढुलाई की जा रही। सूचना मिलते ही खनन विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के बंगला ताल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर विभाग के द्वारा तीन ट्राली मिट्टी लदी पकड़ी गई। जिसमे एक ट्रेक्टर ट्राली मिट्टी को वही स्थान पर गिरा कर भागने में कामयाब हो गया। मगर दो ट्रेक्टर ट्राली को खनन अधिकारी ने अपने कब्जे में लेते हुए कड़ी कृवाही की गई। जिसमे दोनो ट्रेक्टर ट्राली के ऊपर रुपए 25000 का जुमार्ना लगाया गया। जुमार्ने की राशि जमा होने के बाद ट्रेक्टर ट्राली को सख्त हिदायत देते हुए छोड़ा गया। वही इस पूरे प्रकरण पर खनन अधिकारी इनके महत्व ने बताया कि इस तरह के अवैध खनन करने वालों पर खनन विभाग का शिकंजा करता ही रहेगा और जो भी लोग इस तरह केवैध खनन करेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जर्जर सड़क पर चलने पर मजबूर है गांव के लोग, अधिकारी मौन



प्रखर चंदवक जौनपुर। चंदवक स्थानीय ब्लॉक से सटे महज दो किलोमीटर दूरी पर पुरनपुर गांव के जर्जर सड़क पर चलने को मजबूर हैं गांव के लोग राहगीर परेशान। जहाँ एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गड्ढा मुक्त का दावा कर रही हैं उसके बाद भी आदेश भी हो रहा बेअसर जिले के कुछ ग्रामीण क्षेत्रो में अधिंकाश सड़कों की हालत बेहद बुरी खराब स्थिति में पढा.हुआ है।यहां कई वषों से लोग जर्जर सड़क पर चलने पर मजबूर हैं इसकी बानगी के रूप में बगेरवा से सटे पुरनपुर गांव मार्ग है सड़क पर इतने गढ्ढे बनें पढे.हुए हैं कि ग्रामीणों का बाइक साइकिल तो दूर उनका पैदल चलना बेहद कठीन हो गया। इस सड़क पर तमाम जनप्रतिनिधियों का आवागमन भी है लेकिन इसके बावजूद भी अपने गाँव के इस प्रमुख सड़क बनवाने में बिफल हो गए हैं ग्रामीण लोगों का यह भी कहना है कि कई साल बितने के बाद भी आजतक सड़क मांग का कार्य नही कराया गया ।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जर्जर मांग होने के चलते अक्सर राहगीरो को दुघर्टना का शिकार होना पढ़ता है।

## कारसेवकों का हो रहा सम्मान परिवार को मिल रहा प्राण प्रतिष्ठा का न्योता

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। हिन्दू युवा वाहिनी, वाराणसी मंडल के नि० प्रभारी अम्बरीश सिंह भोला के शिष्य एवं हिन्दू युवा वाहिनी पिण्डरा के नि० अध्यक्ष निर्मल सिंह धिरू ने पत्रकार वार्ता में मोदी व योगी का हृदय से आभार व धन्यवाद दिया निर्मल ने बताया की 1990 जब कारसेवकों पर जब गोली चलाई गई तो वो गोलियॉ संजय कुमार सिंह को भी लगी जिससे उनकी मौत हो गई । अंतिम संस्कार तक के लिए शव परिवार को नहीं मिला और आज 32 वर्ष पश्चात जब श्री राम जी का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हो रहा है तो मोदी जी व योगी जी के तरफ से कारसेवकों के परिवार को प्राण प्रतिष्ठा का न्योता देकर समस्त बलिदानियों के बलिदान को सम्मान दीया जा रहा है जिसके लिये देश की जनता बार -बार मोदी जी एवं योगी का आभार प्रकट करते हैं।



## महिला थाना अध्यक्ष द्वारा सेनेटाइजर वितरण किया गया

प्रखर जौनपुर। महिला थाना प्रभारी सरोज सिंह के द्वारा कोरोंना सुरक्षा की दृष्टि से महिला थाना मे आगंतुक और महिला थाना के सभी कर्मचारियों को कोरोंना बीमारी से बचाव और सुरक्षा के मद्देनजर सेनेटाइजर का वितरण किया गया !महिला थाना अध्यक्ष ने कहा कि इस समय फिर से सर्दी जुकाम और वायरल बीमारीयों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है जिसके मद्देनजर लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान देना चाहिए, जिससे अन्तर्गत छोटा सा प्रयास हम सबको करना चाहिए, जिसमे महिला थाना से एस आई वीरेंद्र कुमार, श्रद्धा दूबे, रुचि वर्मा, पूजा मौर्या, कंचन सिंह,उर्वशी सिंह, प्रकृति वर्मा ,सीमा,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे !

## कांग्रेस ने हमेशा सनातन का विरोध और तुष्टिकरण की राजनीति किया है : प्रमोद वर्मा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 22 जनवरी को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस सहित उसके सहयोगी दलों द्वारा जिस प्रकार से श्रीराम भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा भेजे गए निमंत्रण का बहिष्कार किया गया है यह हिंदू बहुल देश में सनातन प्रेमियों के प्रति आस्था रखने वालों का घोर अपमान किया गया है। इस विषय पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा मयार्दा पुरुषोत्तम राम सबके हृदय में निवास करते हैं, उनका स्थान सबसे विशिष्ट है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या सांस्कृतिक और अध्यात्म नगरी के रूप में विशिष्ट स्थान रखती है। यह पावन नगरी सप्तपुरियों में श्रेष्ठ है। 500 वर्षों के तपस्या के बाद अपने आराध्य प्रभु श्री राम का मंदिर का निर्माण कार्य संभव हो पाया और 22 जनवरी की उनकी प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा है, जिसमें करोड़ों सनातनियों की आस्था है। उस कार्यक्रम में कांग्रेस व उसके सहयोगियों के द्वारा निमंत्रण को ठुकरा देना प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में न जाना हिंदू विरोधी मानसिकता को दशार्ती है। वर्मा ने कहा की यही है कांग्रेस का चाल चरित्र और असली चेहरा। देश को आजादी मिलने के बाद कभी नही नेहरू गांधी परिवार ने किसी हिंदू धर्मस्थल का जीर्णोद्धार कराया हो या पूजा पाठ में सम्मिलित हुआ हो। इनके लिए हिंदू बस जाति -पाति में बाटकर वोट बैंक का जरिया रहा है, इनके लिए तुष्टिकरण ही सब कुछ रहा है। वर्मा ने कहा यह पहला अवसर नहीं है कि कांग्रेस सहित विपक्षी मंदिर के उद्घाटन में नहीं जा रहे हैं। इसके पहले जब सोमनाथ मंदिर का भी जीर्णोद्धार हुआ था तो नेहरू गाँधी ने उस समय भी जाने से इनकार कर दिया था। इन कांग्रेसियों की हालत तो यह है कि 2007-8 में बाकायदा सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर राम और रामसेतु को काल्पनिक बता चुके हैं। पर अब समय आ गया है की ऐसे सनातन विद्रोहियों को भारत की जनता पहचानने लगी है और यह लोग देश को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं समझ रही है।



### कोई भी पद्धति छोटी बड़ी नही होती, चिकित्सक का फर्ज सेवा है : डा. पुष्पजीवी



प्रखर शाहगंज जौनपुर। एक चिकित्सक का मानवता की सेवा है उसे अपना सर्वश्रेठ लगाना चाहिए मरीज को स्वस्थ करने में।क्योंकि कोई भी पद्धति छोटी या बड़ी नही होती चाहे एलोपैथ हो, होमियोपैथी हो, आयुर्वेद हो या फिर इलेक्ट्रो होमियोपैथी हो सबका एक ही उद्देश्य है मरीज को स्वस्थ करना। उक्त बातें इलेक्ट्रो होमियोपैथी के जनक डाक्टर काउंट सीजर मैटी के 215 वी जयंती के अवसर पर नगर के कालीचौरा स्थित एक सभागार में चिकित्सकों को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर देवी प्रसाद पुष्पजीवी ने कही। कार्यक्रम के आयोजक डाक्टर एसएन रॉय ने कहा की वनस्पति पर आधारित इलेक्ट्रो होमियोपैथी की दवाएं हानिरहित एवं विषरहित होती है ।जिसका कोई साइड इफेक्ट नही होता। कार्यक्रम के पूर्व डाक्टर काउंट सीजर मैटी के चित्र पर मुख्य अतिथि डाक्टर देवी प्रसाद पुष्पजीवी द्वारा पुष्प अर्पित कर केक काट कर उपस्थित सभी चिकित्सकों का मुँह मीठा कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक्टर पीएल चौरसिया ने किया।उक्त मौके पर डाक्टर जामवंत, डाक्टर राम हरख, डाक्टर संदीप राय, डाक्टर अशफाक, डाक्टर मेराज, डाक्टर विद्या सागर, डाक्टर आरएस बिंद, डाक्टर एमके बिंद, डाक्टर संजय मौर्य, डाक्टर मुंशीलाल, डाक्टर चर्न्दकान्त चौहान, डाक्टर सुमिरन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर वीर अभिमन्यू ने किया।

## लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

प्रखर मीरजापुर। जय जवान जय किसान का नारा देने वाले देश के दूसरे प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की 58वीं पुण्यतिथि पर अग्रणी सामाजिक संस्था के.एस.पी. ट्रस्ट द्वारा घंटाघर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही घण्टाघर स्थित नगरपालिका प्रांगण में एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित कर रहे ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव ने शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शास्त्री जी का योगदान देश की आजादी एवं एकता के लिए हमेशा अग्रसर रहा, उन्होंने अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल के दौरान अपने परिवार का भी ध्यान न देते हुए जनता को प्राथमिकता दिया और देश को कर्तव्य परायणता का बोध कराया। इस अवसर पर जुबिली इण्टर कालेज के प्रवक्ता व ट्रस्ट के संस्थापक न्यासी पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि शास्त्री जी के लिए सदैव देश ही सर्वोपरि रहा, जिसके लिए उन्होंने संसार के भौतिक आकर्षणों को भी नकार दिया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे शिवम श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य के दौरान कहा कि शास्त्री जी सादगी की प्रतिमूर्ति थे, उनके जैसा प्रधानमंत्री भारत देश में न तो कोई हुआ है और न भविष्य में होगा। गोष्ठी का संचालन करते हुए ट्रस्टी व जुबिली इण्टर कालेज के प्रवक्ता श्रीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शास्त्री जी का नारा जय जवान जय किसान देश के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है। इस अवसर पर उपस्थित कायस्थजनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन मनोज चित्रांश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, मनोज चित्रांश, श्रीश कुमार श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, रजत श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव एवं करुणा निधान इत्यादि ट्रस्टीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## दूसरे सेमीफाइनल में तिवारीपट्टी को चार विकेट से पराजित कर फाइनल में पहुंचीं मिश्रौली

प्रखर कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत बरवा राजापाकड़ के सीताराम चौराहा स्थित खेल मैदान में जयहिंद क्रिकेट क्लब बंगरा दुमही के तत्वावधान में आयोजित चतुर्थ जयहिंद क्रिकेट प्रतियोगिता के नौवें दिन गुरुवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में मिश्रौली की टीम तिवारीपट्टी को चार विकेट से पराजित कर फाइनल में पहुंच गई। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी तिवारीपट्टी की पूरी टीम 14.5 ओवर में 111 रन पर आलआउट हो गई। जवाब में खेलने उतरी मिश्रौली की टीम ने 15.5 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया। मैन आफ दी मैच बल्लेबाज बादशाह ने 18 गेंद में 27 रन बनाए। मैच का शुभारंभ प्रधान भूषण गुप्ता, सुनील पासवान व विकास राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। सिद्धार्थ व कामोद ने अंपायरिंग, विपिन ने स्कोरिंग व प्रिंस शुक्ल व सोनू कुमार गोंड ने कमेंट्री की।

## विश्व हिंदू परिषद द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों पर दिया गया निमंत्रण



प्रखर मिर्जापुर। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या के 22 जनवरी 2024 प्राण प्रतिष्ठा आयोजन का निमंत्रण जनपद के विभिन्न स्थानों ,संत महात्माओं को विश्व हिंदू परिषद द्वारा आमंत्रण दिया गया। आमंत्रण देते हुए प्रांत उपाध्यक्ष विद्या भूषण दुबे ने बताया कि श्री धाम अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर जनपद से कई संत महात्माओं की उपस्थिति होगी जिस क्रम में विभिन्न स्थानों पर निमंत्रण पत्र देते हुए शासन के नियमानुसार प्रक्रिया को पूर्ण किए जाने का भी कार्य किया जा रहा है। सभी को निमंत्रण देते हुए हम सभी को गौरव भी महसूस हो रहा है। उक्त अवसर पर महेश तिवारी प्रांत सह सत्संग प्रमुख, डॉक्टर जयदीप सिंह विभाग मंत्री, रामचंद्र शुक्ल जिला अध्यक्ष मिर्जापुर उपस्थित रहे।

### गायब महिला का शव पोखरे में मिला

प्रखर सहजनवा, गोरखपुर।थाना क्षेत्र के नगर पंचायत घघसरा मोहल्ला ठरापार की रहने वाली सुदर्शना देवी 60 वर्ष का शव थाना क्षेत्र के ग्राम बरईपार पोखरे में शुक्रवार दोपहर देखा गया। मौके पर पहुंची पुलिस पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। घर से महिला बीते दो जनवरी की रात से गायब थी। गुमशुदगी का रिपोर्ट भी दर्ज कराया गया था। मृतका सुदर्शना पिछले दो जनवरी की घर से रात 8.00 बजे नित्य क्रिया हेतु निकली परंतु तब से घर नहीं लौटी। लोगों ने बहुत खोजबीन की पर उनका कहीं पता नहीं चला सका। छः जनवरी को स्वजन थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस भी तलाश में जुटी थी। मृतका के घर वालों ने पुलिस को बताया कि महिला का मानसिक स्वास्थ्य कुछ दिनों से ठीक नहीं चल रहा था। उनका इलाज हेतु दवा और दुआ दोनों कराई जा रही थी।

### कैंप लगाकर लोगों को नमो ऐप की दी गई जानकारी



प्रखर घघसरा, सहजनवां। नगर पंचायत घघसरा के चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय पर कैंप लगवाकर पांच सौ लोगो को नमो ऐप डाउनलोड कराकर जोड़ने का काम किया। चेयरमैन ने कहा कि इस ऐप से जुड़े लोगो को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा योजनाओ की जानकारी प्राप्त होगी। लाभार्थियों को इससे सही और सटीक जानकारी मिलेगी। सरकार की मंशा है कि आमजनमस तक लाभकारी योजनाओ की जानकारी आसानी से मिले और वे इसका लाभ उठा सके।

### जीवन की कठिनाईयों से पार पाने का एकमात्र साधन है रामनाम, मठिया भोकरिया में रामकथा का पहला दिन

प्रखर कुशीनगर। दुदही के मठिया भोकरिया बाजार में नारायणी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय रामकथा के पहले दिन अयोध्या से पधारी कथावाचिका धर्मरक्षिता शास्त्री ने राम नाम के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि राम त्याग, बलिदान व सामानता के लिए ही उद्धरित हुए। गुरुवार को कथा प्रवचन को आगे बढाते हुए उन्होंने कहा कि ऋषि विश्वामित्र की यज्ञ की रक्षा के लिए जाने वाले राम की उम्र 14 वर्ष थी। रास्ते में उन्होंने अहिल्या का उद्धार किया, स्वयंवर में सीता से विवाह कर नारियों के प्रति समान समर्पित किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत त्रिपुरा की मीडिया टीम पहुंची वाराणसी

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने अंतिम चरण की ओर उन्मुख है` देश में जगह-जगह पर इस यात्रा के माध्यम से विकास की रूपरेखा खींचा जा रहा है इसी सिलसिले में त्रिपुरा की मीडिया टीम विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुआयना करने के लिए बनारस पहुंची इस विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के बारे में जानकारी के लिए बनारस जिले के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल से वार्ता हुई` सीडीओ ने 15 नवंबर से शुरू हुई इस यात्रा के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान की उन्होंने बताया कि हमारे जिले में दो तरह से विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है एक शहरी क्षेत्र में और एक ग्रामीण क्षेत्र में ,संकल्प यात्रा में जो भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं उनकी पात्रता का सत्यापन करके उन्हें मौके पर संबद्ध योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है उन्होंने इस यात्रा की खूबियां गिनाई और कहा की इस यात्रा से कार्यालयों में लगने वाली लोगों की भीड़ में कमी आई है उन्होंने बताया कि केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु यह एक लाभकारी पहल है` राज्य सरकार की बाल विकास योजना के तहत वैसे बच्चे जो अनाथ हैं या जिनके अभिभावक का कोविड में देहांत हो गया उनके खान-पान और शिक्षा दीक्षा के लिए इस योजना के तहत समुचित व्यवस्था किया गया है` सीडीओ ने बताया कि निपुण भारत योजना के तहत कुछ चुनिंदा विद्यालय के बच्चों को निपुण समूह में चुना गया और उन्हें इस यात्रा में पुरस्कृत भी किया गया मीडिया टीम ने सीडीओ से सवाल - जवाब भी किया आगे की कड़ी में मंडल आयुक्त कौशल राज शर्मा से रूबरू हुए` मंडलायुक्त ने नरेंद्र मोदी के निर्देशन में काशी में हो रहे आमूलचूल बदलावों की रूपरेखा पर वृहद प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि यशस्वी प्रधानमंत्री के तत्वावधान में वाराणसी का चौमुखी विकास हुआ है उन्होंने काशी की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए बताया कि यह विश्व की सबसे प्राचीन नगरी है उन्होंने कहा कि इस विश्व में न जाने कितनी सभ्यताएं पनपी, विकसित हुई और विनष्ट हो गई, किंतु काशी का अस्तित्व सभ्यता के प्रारंभ से आज तक यथावत बना हुआ है कमिश्नर ने बताया कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बन जाने के बाद काशी के पर्यटन क्षेत्र में व्यापक वृद्धि हुई है` प्रत्येक वर्ष तकरीबन 5 से 6 करोड़ श्रद्धालु मंदिर दर्शन के लिए आते हैं साथ ही साथ बनारस के बुनियादी ढांचों के विकास की वजह से काशी भ्रमण को आने वालों की संख्या बहुत बढ़ गई है उन्होंने बताया कि काशी में मेडिकल फैसिलिटी भी विकसित हुई हैं उन्होंने बताया कि महामना कैंसर संस्थान बन जाने से पूर्वांचल तथा साथ ही साथ बिहार के कैंसर मरीजों के लिए वरदान साबित हुआ है उन्होंने त्रिपुरा से आई मीडिया टीम के साथ लंबी गुफ्तगू की साथ ही साथ काशी आने पर उनका स्वागत भी किया` मंडलायुक्त ने हर्षित भाव से बताया कि आप लोग काशी के मेहमान हैं अतः अतिथि देवो भव के तहत मैं आप सभी का स्वागत और अभिनंदन करता हूं आप सब काशी को अच्छे से देखिए तथा अन्वेषण करिए` त्रिपुरा की मीडिया टीम द्वितीय पाली में वाराणसी जनपद के बड़ागांव ब्लॉक के बलरामपुर गांव में ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुई वहां पर विभिन्न योजनाओं की लगी स्टालों का निरीक्षण किया` कार्यक्रम में ग्रामीणों की व्यापक भागीदारी को देखकर मीडिया टीम प्रसन्न नजर आई उन्होंने लाभार्थियों से भी बात किया` लाभार्थी हीरालाल ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत 6000 की वार्षिक राशि मिलती है जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक संबल मिलता है इस राशि का वह खेती बाड़ी में उपयोग करते हैं मौके पर बीडीओ ने विभिन्न योजनाओं के बारे में मीडिया टीम को बताया, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड इत्यादि जन कल्याणकारी योजनाएं पात्र लाभार्थियों को मौके पर वितरित किया जा रहा है` कार्यक्रम के अंत में मीडिया टीम के साथ ही साथ अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में 2047 तक भारत को विकसित करने की शपथ ली गई इस पूरे दिन के कार्यक्रम में पीआईबी वाराणसी सहयोगी की भूमिका में रही` पीआईबी के मीडिया तथा संचार अधिकारी प्रशांत कक्कड़ एवं सीबीसी के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ लाल जी भी इस यात्रा में शामिल रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### इक्वाडोर : टीवी स्टूडियो में घुसे बंदूकधारी

**क्विटो।** इक्वाडोर में मंगलवार को एक कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के दौरान नकाबपोश बदमाश बंदूकों और विस्फोटकों के साथ एक समाचार चैनल के सेट में घुस गए और उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों को धमकी भी दी। इक्वाडोर के राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख ने बताया कि सभी बंदूकधारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस कमांडर सीजर जेपाटा ने टीवी चैनल 'टेलीअमेजोनास' को बताया कि अधिकारियों ने नकाबपोश बदमाशों की बंदूकें और विस्फोटक जब्त कर लिए हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

### पेरू ने आपातकाल की घोषणा की

**लीमा।** पेरू सरकार ने पड़ोसी देश में आपराधिक गिरोहों द्वारा हिंसा में वृद्धि के कारण मंगलवार को इक्वाडोर के साथ अपनी उत्तरी सीमा पर आपातकाल घोषित कर दिया। प्रधानमंत्री अल्बर्टो ओटारोला ने घोषणा की कि आपातकालीन घोषणा में पुलिस बलों का समर्थन करने के लिए अनिर्दिष्ट संख्या में सेना के जवानों की तैनाती शामिल होगी। इससे पहले दिन में, नकाबपोश बंदूकधारियों का एक समूह दक्षिणी इक्वाडोर के शहर गुआयाकिल में एक प्रसारण के दौरान एक टीवी स्टूडियो में घुस गया और उसके कर्मचारियों को बंधक बना लिया।

### सिंगापुर : भारतीय मूल के सैन्यकर्मी ने अपराध स्वीकारा

**सिंगापुर।** सिंगापुर सशस्त्र बल (एसएएफ) में भारतीय मूल के एक वारंट अधिकारी ने नाबालिग के साथ संबंध बनाने का आरोप मंगलवार को स्वीकार कर लिया। सुब्रमण्यम थबुरन रंगास्वामी (50) को इस मामले में एक फरवरी को सजा सुनाई जाएगी और इस दौरान दो अन्य आरोपों पर भी गौर किया जाएगा। अदालत ने पीड़िता की पहचान उजागर नहीं करने का आदेश दिया, जिसकी उम्र वर्तमान में 17 वर्ष है और घटना के वक्त उसकी उम्र 15 वर्ष थी। उप लोक अभियोजक सुनील नायर ने बताया कि घटना स्कूल की छुट्टियों के दौरान छह दिसम्बर 2021 की है।

### सीरिया : सैन्य बस पर आतंकी हमला, 9 की मौत

**दमिश्क।** सीरिया में सैनिकों को ले जा रही एक सैन्य बस मंगलवार को होम्स प्रांत के प्राचीन शहर पलमायरा के पास रेगिस्तान में एक विस्फोटक उपकरण की चपेट में आ गई, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने हमले के लिए 'आतंकवादियों' को जिम्मेदार ठहराते हुए स्पष्ट किया कि मरने वालों में आठ सैनिक और एक नागरिक शामिल हैं। पहले की रिपोर्ट में ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर यूमन राइट्स ने कहा था कि बस को इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकवादियों ने निशाना बनाया है।

### स्पेन : अस्पतालों में फेसमास्क अनिवार्य

**मैड्रिड।** हाल के हफ्तों में कोविड-19 और फ्लू के मामलों में तेज वृद्धि के बाद स्पेन की सरकार ने बुधवार से अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में फेसमास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मैड्रिड और कैस्टिले-लियोन सहित कुछ क्षेत्रों की आपत्तियों के बावजूद, स्वास्थ्य मंत्री मोनिका गार्सिया और स्पेन के 17 स्वायत्त समुदायों के प्रतिनिधियों के बीच एक बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया।

## भारत को नेपाल से चीनी उत्पादित बिजली खरीदने पर आपत्ति : प्रचंड

**काठमांडू (आईएएनएस)।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने बुधवार को कहा कि भारत को चीनी ठेकेदारों द्वारा उत्पादित हिमालयी राष्ट्र से बिजली खरीदने पर आपत्ति है।

संसदीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हालांकि हर कोई नेपाल में निवेश और ऊर्जा उत्पादन करने के लिए स्वतंत्र है लेकिन भारत के साथ दीर्घकालिक बिजली व्यापार के तहत, नई दिल्ली को चीनी कंपनियों/ठेकेदारों द्वारा उत्पादित बिजली खरीदने पर आपत्ति है। पिछले हफ्ते विदेश मंत्री एस. जयशंकर की नेपाल यात्रा के दौरान दोनों पड़ोसी देशों ने दीर्घकालिक बिजली व्यापार पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे काठमांडू के नई दिल्ली को 10,000 मेगावाट बिजली निर्यात करने का रास्ता साफ हुआ था।



■ कहा, भारत केवल भारतीय या नेपाली कंपनियों और निवेश द्वारा उत्पादित बिजली खरीदेगा

उन्होंने बताया कि समझौता 25 वर्षों के लिए वैध है, हर 10 साल में नवीनीकरण के अधीन है। भारत को चीनी सरकारी कंपनियों द्वारा सीधे उत्पादित बिजली पर आपत्ति है। चीन ने हमसे भारत को यह बताने के लिए कहा है कि यह चीनी सरकार के मालिकाना हक वाली कंपनियां नहीं हैं, बल्कि इन्हें विश्व प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया था।

प्रचंड ने कहा, भारत के सीमा पार ऊर्जा व्यापार दिशानिर्देशों के अनुसार, वह नेपाल से केवल भारतीय या नेपाली कंपनियों और निवेश द्वारा उत्पादित बिजली खरीदेगा। भारत के साथ समझौते में केवल भारतीय कंपनियों द्वारा उत्पादित बिजली खरीदने का कोई जिक्र नहीं है। हमने भारत से अनुरोध किया है कि वह प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से उत्पादित बिजली को खरीदने पर विचार करे, जो भी उत्पादन करता है। जैसा कि नेपाल अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करने और पड़ोसी देशों को निर्यात करने के लिए जलविद्युत विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। एक नये अध्ययन से पता चला है कि हिमालयी राष्ट्र में 10 प्रमुख नदी-घाटियों और उनके उप-घाटियों में 72000 एमडब्ल्यू से अधिक जलविद्युत का दोहन करने की क्षमता है।

नेपाल के समृद्ध जल संसाधन लंबे समय से ज्ञात हैं क्योंकि देश में लगभग 6,000 नदियां हैं जिनकी कुल लंबाई 45,000 किमी है। एशियाई विकास बैंक के अनुसार, इन नदियों से औसत वार्षिक जल अपवाह लगभग 220 बिलियन क्यूबिक मीटर है। 25 साल के दीर्घकालिक समझौते की शुरुआत तब हुई जब दहल ने 31 मई से 3 जून, 2023 तक भारत का दौरा किया था।

## नासा ने आर्टेमिस मिशन को 2026 तक टाला

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चंद्रमा पर उतारने के अपने मानवयुक्त आर्टेमिस मिशन को 2026 तक के लिए टाल दिया है, जो चंद्रमा की सतह पर पहली महिला और पहले अश्वेत व्यक्ति को भेजेगा।

नासा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसने आर्टेमिस मिशन की समय सीमाओं में बदलाव किया है। अब आर्टेमिस 2 के लिए सितम्बर 2025 को का लक्ष्य तय किया है, जिसमें अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की कक्ष में चक्कर लगाएंगे। आर्टेमिस 3 के लिए सितम्बर 2026 का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की योजना है। चंद्रमा पर गेटवे अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मिशन आर्टेमिस 4 के लिए 2028 के समय लक्ष्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पहले आर्टेमिस 2 इस साल के अंत में होने वाला था।

नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने एक बयान में कहा कि उन्होंने आर्टेमिस 1 के बाद से बहुत कुछ सीखा है, और इन शुरुआती मिशनों की सफलता हमारे सौर मंडल में मानवता के स्थान के बारे में हमारी पहुंच और समझ को आगे बढ़ाने के लिए हमारी वाणिज्यिक और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी पर निर्भर करती है।

## पाक की जेल में बंद है हाफिज सईद : यूएन

■ **संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।**

मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता और लश्कर-ए-तैयबा का सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और आतंक के वित्तपोषण मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद 78 साल की सजा काट रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने अद्यतन जानकारी में इस बात की पुष्टि की है।

■ कहा, 78 साल की काट रहा है सजा

दिसम्बर 2008 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 'अल-कायदा प्रतिबंध समिति' ने सईद (73) को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था। प्रतिबंध समिति ने संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट पर कहा, आतंकवाद के वित्तपोषण से संबंधित सात मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से सईद पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और 12 फरवरी 2020 से 78 साल की कैद की सजा काट रहा है। सईद वर्ष 2008 के मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता है और उसके प्रत्यर्पण के लिए भारत ने दिसम्बर में पाकिस्तान से बातचीत की थी। 'सुरक्षा परिषद 1267 समिति' ने पिछले माह अपनी इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट (आईएसआईएल) और अल-कायदा प्रतिबंध सूची में लोगों और संस्थाओं की जब्त संपत्ति, यात्रा प्रतिबंध और हथियार प्रतिबंध से जुड़ी कुछ प्रविष्टियों में कई संशोधन किए थे। अद्यतन विज्ञप्ति के माध्यम में बताया गया कि सईद उन लोगों में से है जिनकी जानकारी में संशोधन किया गया।

इन संशोधनों के तहत, प्रतिबंध समिति ने यह भी कहा कि लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्य हाफिज अब्दुल सलाम भुट्टावी की मौत की पुष्टि हो चुकी है। मुंबई हमले के लिए लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को प्रशिक्षित करने वाले भुट्टावी को यूएनएससी द्वारा आतंकवादी घोषित किया गया था। आतंक के वित्तपोषण के जुर्म में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की एक जेल में सजा के दौरान पिछले साल उसकी मौत हो गई।

## परवेज मुशर्रफ को मौत के बाद भी नहीं मिली माफी

■ **इस्लामाबाद (भाषा)।**

पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने दिवंगत पूर्व सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्रफ को राजद्रोह मामले में 2019 में एक विशेष अदालत द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को बुधवार को बरकरार रखा।



■ पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने राजद्रोह मामले में मौत की सजा बरकरार रखी

वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के सूत्रधार और पाकिस्तान के अंतिम सैन्य शासक मुशर्रफ का लंबी बीमारी के बाद पिछले साल पांच फरवरी को दुबई में निधन हो गया। 79 वर्षीय मुशर्रफ दुबई में अमाइलॉइडोसिस के लिए उपचार करा रहे थे। वह अपने देश में मुकदमों से बचने के लिए 2016 से स्व-निर्वासन में संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे थे। पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की।

इस पीठ में न्यायमूर्ति मंसूर अली शाह, न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान और न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह भी शामिल थे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के कार्यकाल के दौरान नवंबर 2007 में आपातकाल लागू करने के 'असंवैधानिक' निर्णय के लिए मुशर्रफ के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किए जाने के बाद एक विशेष अदालत ने 17 दिसम्बर, 2019 को पूर्व सैन्य शासक को मौत की सजा सुनाई। शीर्ष अदालत ने पूर्व शासक द्वारा मौत की सजा के खिलाफ दायर अपील पर फैसला सुनाया। उच्चतम न्यायालय ने पूर्व राष्ट्रपति की अपील को खारिज करते हुए कहा, 'मुशर्रफ के उत्तराधिकारी कई नोटिस पर भी सुनवाई पर नहीं आए।'

अदालत ने लाहौर उच्च न्यायालय के फैसले को भी 'अमान्य और शून्य' घोषित कर दिया, जिसने विशेष अदालत द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को निलंबित कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला कानून के खिलाफ था।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री की प्रोस्टेट कैंसर की हुई सर्जरी

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे. ऑस्टिन को प्रोस्टेट कैंसर था और पिछले महीने उनकी सर्जरी हुई थी। यह जानकारी राष्ट्रपति जो बाइडन को नहीं दी गई थी। पेंटागन ने यह जानकारी दी।


वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में ट्रॉमा मेडिकल निदेशक डॉ. जॉन मैडॉक्स और मुर्था कैंसर सेंटर के निदेशक डॉ. ग्रेगरी चेसनट ने एक बयान में बताया कि ऑस्टिन को पिछले महीने की शुरुआत में प्रोस्टेट कैंसर का पता चला था।

■ बाइडन को नहीं दी गई जानकारी

ऑस्टिन (70) को 22 दिसंबर, 2023 को उनकी मेडिकल टीम से परामर्श के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी सर्जरी की गई। बयान के अनुसार, सर्जरी के दौरान ऑस्टिन को सामान्य एनेस्थीसिया दिया गया था और वह अगली सुबह घर चले गए थे। बयान में बताया गया है कि ऑस्टिन को दिसंबर में हुई सर्जरी की जटिलताओं के कारण एक जनवरी को वाल्टर रीड मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया था। प्रारंभिक जांच में मूत्राशय में संक्रमण का पता चला जिसके बाद दो जनवरी को निगरानी और बेहतर देखभाल के लिए उन्हें आईसीयू इकाई में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया।

## भारत-ब्रिटेन सहयोग, सह-निर्माण सह-नवोन्मेष करेंगे : राजनाथ

**लंदन (भाषा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को यहां ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स के साथ ब्रिटेन-भारत रक्षा उद्योग सीईओ गोलमेज सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत ब्रिटेन के साथ सह-निर्माण पर केंद्रित एक समृद्ध रक्षा साझेदारी की कल्पना करता है।



लंदन : ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन से भेंट करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

गोलमेज बैठक में ब्रिटेन के रक्षा उद्योग के कई मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के अधिकारी, ब्रिटेन-भारत व्यापार परिषद और भारतीय उद्योग परिसंघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रमुख रक्षा कंपनियों में शामिल बीएई सिस्टम्स, जीई वर्नोवा, जेम्स फिशर डिफेंस, लियोनार्डो एसपीए, मार्टिन बेकर एयरक्राफ्ट कंपनी लिमिटेड, एसएएबी यूके, थेल्स यूके, अल्ट्रा-मैरीटाइम रोल्स-रॉयस, एडीएस ग्रुप और एमबीडीए यूके के प्रतिनिधि शामिल थे। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लंदन में ब्रिटेन-भारत रक्षा सीईओ गोलमेज बैठक में उद्योग जगत के नेताओं और सीईओ के साथ शानदार बातचीत हुई। उन्होंने कहा, भारत सहयोग, सह-निर्माण और सह-नवोन्मेष के लिए ब्रिटेन के साथ एक समृद्ध साझेदारी की कल्पना करता है। दोनों देशों की ताकतों का समन्वय करके, हम एक साथ बड़े काम कर सकते हैं।

### ब्रिटेन हिंद महासागर में भेजेगा युद्धपोत

**लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन सरकार ने बुधवार को भारतीय सेना के साथ संचालन और प्रशिक्षण के लिए इस साल के अंत में हिंद महासागर क्षेत्र में रॉयल नेवी के युद्धपोतों को तैनात करने की योजना का खुलासा किया।

इसे ब्रिटेन-भारत के बीच प्रगाढ़ होते रणनीतिक संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने कहा कि लिटोरल रिस्पांस ग्रुप (एलआरजी) को इस साल तैनात किया जाएगा और कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीआरजी) की 2025 में संयुक्त भारत-ब्रिटेन प्रशिक्षण के लिए तैनाती होगी। शाप्स ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भारत-ब्रिटेन रक्षा उद्योग सीईओ गोलमेज सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की।

## चुनाव से पहले इमरान की पार्टी को बड़ी राहत

**पेशावर (भाषा)।** पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी का चुनाव चिह्न क्रिकेट 'बल्ला' रद्द करने और उसके संगठनात्मक चुनावों को खारिज करने संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले को बुधवार को असंवैधानिक घोषित कर दिया। अदालत से इस फैसले को आम चुनाव से पहले इमरान खान की पार्टी के लिए एक बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है।

समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार पेशावर उच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को उसका क्रिकेट 'बल्ला' चुनाव चिह्न वापस लौटाए और पार्टी के आंतरिक चुनावों से जुड़ा दस्तावेज अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे। यह फैसला पार्टी द्वारा अपने चुनाव चिह्न की बहाली के अनुरोध संबंधी याचिका उच्चतम न्यायालय से वापस लेने के तुरंत बाद आया है। निर्वाचन आयोग ने 22 दिसम्बर को 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' के संगठनात्मक चुनावों और आठ फरवरी के आम चुनावों के लिए क्रिकेट 'बल्ले' को उसके चुनाव चिह्न के रूप में बनाये रखने की उसकी याचिका को खारिज कर दिया था।

## गाजा में आम नागरिकों की मौत अस्वीकार्य : भारत

**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** भारत ने कहा है कि वह इस्राइल और फिलिस्तीन के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में है। पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत के बाद से उसका 'स्पष्ट' संदेश तनाव बढ़ाने से रोकना रहा है ताकि मानवीय सहायता की निरंतर आपूर्ति की जा सके और शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जा सके।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र में कहा, इस्राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष से बड़े पैमाने पर नागरिकों विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान गई है और इसके एक खतरनाक मानवीय संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है और हमने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि भारत इस बात से अवगत है कि इसका तात्कालिक कारण सात अक्टूबर को इस्राइल में हुए आतंकवादी हमले थे। हमले बेहद चौंकाने वाले थे और 'हम स्पष्ट तौर पर इसकी निंदा करते हैं। भारत का आतंकवाद के प्रति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने का दृष्टिकोण रहा है। आतंकवाद और बंधक बनाने को जायज नहीं ठहराया जा सकता है।' कंबोज ने कहा कि भारत बंधक बनाए गए लोगों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग करता है।



■ यूएनजीए में भारत ने कहा, इस्राइल, फिलिस्तीन के संपर्क में है भारत

कंबोज ने 193 सदस्यीय यूएनजीए को बताया कि 'भारत का नेतृत्व इस्राइल और फिलिस्तीन सहित क्षेत्र के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में है। उन्होंने कहा, इस संघर्ष की शुरुआत के बाद से भारत का संदेश स्पष्ट है। मानवीय सहायता की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने और शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली की दिशा में काम करने के लिए तनाव को रोकना महत्वपूर्ण है।

## डॉ. विवेक मूर्ति WHO बोर्ड में होंगे शामिल

**वाशिंगटन (भाषा)।** राष्ट्रपति जो बाइडन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कार्यकारी बोर्ड में अमेरिका के प्रतिनिधि के रूप में काम करने के लिए एक बार फिर भारतीय-अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति को नामित किया है। मूर्ति (46) का नाम सीनेट को फिर से भेजा गया है क्योंकि इस पद पर नियुक्ति के लिए उनके नाम की पुष्टि अक्टूबर 2022 से सीनेट में लंबित थी।

अमेरिकी सीनेट ने मार्च 2021 में देश के 21वें सर्जन जनरल के रूप में नियुक्ति के लिए उनके नाम की पुष्टि की थी। उन्होंने उससे पहले तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में 19वें सर्जन जनरल के रूप में भी कार्य किया था।

देश के शीर्ष चिकित्सक के रूप में सर्जन जनरल का कार्य आम लोगों के लिए सुसंगत और न्यायसंगत मार्गदर्शन और संसाधन प्रदान करने की खातिर सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक जानकारी के आधार पर एक स्वस्थ देश की नींव रखने में सहायता करना है। आठ जनवरी को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में व्हाइट हाउस ने सीनेट को भेजे गए नामांकन में मूर्ति के नाम का उल्लेख किया।

## हूती मिसाइलों, ड्रोनों को मार गिराया अमेरिकी नौसेना ने

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बुधवार को कहा कि नौसेना ने ईरान समर्थित हूती मिलिशिया द्वारा यमन से दक्षिणी लाल सागर तक किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों को मार गिराया, जो हाल के महीनों में इस क्षेत्र में विद्रोहियों द्वारा किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक है।

■ किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

सेंटकॉम ने मंगलवार रात लगभग 9.15 बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विद्रोहियों ने यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्रों से दक्षिणी लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन की ओर, जहां दर्जनों व्यापारिक जहाज पारगमन कर रहे थे, ईरानी डिजाइन किए गए एक-तरफा हमले वाले यूएवी, एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों और एक एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल का बड़ा हमला किया। सेंट्रल कमांड के अनुसार, अमेरिकी नौसेना के जहाज ड्वाइट डी. आइजनहावर, ग्रेवली, लैबून, मेसन और यूके के एचएमएस डायमंड ने संयुक्त रूप से 18 एकतरफा हमले वाले यूएवी, दो एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों और एक एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल को मार गिराया। सेंटकॉम ने पुष्टि की कि मंगलवार को किसी भी तरह की क्षति की सूचना नहीं थी। लाल सागर में 19 नवम्बर 2023 के बाद से वाणिज्यिक शिपिंग लेन पर यह 26वां हूती हमला था, जब उसने आतंकवादी समूह के इस्राइल के साथ चल रहे युद्ध में हमास को समर्थन देने की घोषणा की थी। हूतियों ने हमलों को अंजाम देने के लिए मिसाइलों, ड्रोन, तेज नौकाओं और हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल किया है और अक्सर दावा किया है कि लक्षित जहाज इस्राइल से जुड़े थे। बारह देशों ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, यूके और अमेरिका के एक समूह ने 3 जनवरी को संयुक्त रूप से हूतियों को औपचारिक चेतावनी जारी की और लाल सागर में हमलों को अवैध, अस्वीकार्य और अत्यधिक अस्थिर करने वाला बताया।

## BSF महानिदेशक ने जम्मू में सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया

**जम्मू (भाषा)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने बुधवार को सुरक्षा हालात की समीक्षा की तथा जम्मू के अग्रिम इलाकों में पाकिस्तान से सटी सीमा पर तैनात सैनिकों की अभियानगत तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



अग्रवाल ने इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास के इलाकों का भी दौरा किया और राजभवन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। अग्रवाल ने उपराज्यपाल से मुलाकात के दौरान उन्हें सीमा पर सुरक्षा स्थिति के बारे में अवगत कराया।

महानिदेशक ने बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा हालात का जायजा लिया और सैनिकों की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की। अग्रवाल इस समय जम्मू क्षेत्र के दौरे पर हैं।

बीएसएफ के जम्मू सीमांत के महानिरीक्षक डी.के. बूरा ने अग्रवाल को यहां की सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी। बीएसएफ महानिदेशक ने पिछले साल नौ अगस्त को भी जम्मू के अखनूर सेक्टर में विभिन्न सीमा चौकियों का दौरा किया था और इस दौरान सीमा पार से मिलने वाली चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के वास्ते अपना प्रभावी प्रभुत्व बनाए रखने के लिए सैनिकों को प्रोत्साहित किया था।

## 'दुनिया से प्रतिस्पर्धा करनी है तो गुणवत्ता बनाए रखना जरूरी'

**बेंगलुरू (भाषा)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भारत में आयातित प्लास्टिक की गुणवत्ता जांच में हस्तक्षेप के अनुरोध वाली याचिका को खारिज कर दिया है।

भारत सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार देश में आयातित प्लास्टिक पर लगाया गया गुणवत्ता नियंत्रण पांच जनवरी, 2024 से प्रभावी हो गया है। गुणवत्ता नियंत्रण के लिए इसे एक आवश्यक कदम बताते हुए उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा, 'अगर 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत शुरू से लेकर उत्पाद तैयार होने तक गुणवत्ता ठीक रहती है, तभी देश दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होगा।

इस दिशा में किसी भी कदम पर यह अदालत हस्तक्षेप नहीं करेगी...।' 'ऑल इंडिया एचडीपीई/पीपी वोवन फैब्रिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन' ने उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की थी जिस पर न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने सुनवाई की। अदालत ने आठ जनवरी को अपने फैसले में कहा कि याचिकाकर्ताओं ने 'संगठन और साठगांठ का विरोध करने के अलावा कोई अन्य दलील नहीं दी है'।

## मालदीव में भारत विरोधी भावना को विदेशी ताकतें दे रहीं बढ़ावा

**कोलकाता (भाषा)।** मालदीव के साथ चल रहे राजनयिक विवाद के बीच द्वीप देश में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र की पूर्व निदेशक सैयद तनवीर नसरीन ने इस बात को रेखांकित किया है कि मौजूदा स्थिति कोई अचानक से पैदा नहीं हुई है, बल्कि यह लंबे समय से चली आ रही भारत विरोधी भावना की अभिव्यक्ति है, जिसे विदेशी ताकतें बढ़ावा देती रही हैं। साल 2019 से 2023 तक मालदीव गणराज्य के माले में भारतीय उच्चायोग में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक के रूप में कार्य करने वाली नसरीन ने भारत की 'सॉफ्ट पावर' का मुकाबला करने में चीन और पाकिस्तान के बढ़ते प्रभाव पर अपने विचार साझा किए। 'सॉफ्ट पॉवर' शब्द का प्रयोग अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में किया जाता है, जिसके तहत कोई देश परोक्ष रूप से सांस्कृतिक अथवा वैचारिक साधनों के माध्यम से किसी अन्य देश के व्यवहार अथवा हितों को प्रभावित करता है।

उन्होंने एक साक्षात्कार में मौजूदा कूटनीतिक विवाद को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया और 'मालदीव का बहिष्कार करने' जैसी प्रतिक्रियावादी भावनाओं के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा, 'जो कुछ हो रहा है, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और मैं मालदीव के अपदस्थ तीन मंत्रियों की टिप्पणियों (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ) की निंदा करती हूं। लेकिन मैं कहूंगी कि यह अचानक या अकेली घटना नहीं है। भारत विरोधी भावनाओं को पिछले कुछ समय से विदेशी ताकतों के इशारे पर भड़काया जा रहा है।' कोविड महामारी के दौरान मालदीव के राजनीतिक परिदृश्य को रेखांकित करते हुए नसरीन ने आक्रामक भारत-विरोधी अभियान पर भी प्रकाश डाला, जिसने बाद में जाकर जोर पकड़ा और इसके मद्देनजर वहां के विपक्षी नेताओं ने न केवल भारतीय सेना को हटाने की मांग की, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दूरी बनाने पर भी जोर दिया।

■ माले में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र की पूर्व निदेशक ने कहा

■ कपड़े, भोजन और धन देकर लोगों को भारत विरोधी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है

उन्होंने कहा कि मालदीव में पिछली एमडीपी सरकार भारत समर्थक थी, लेकिन कोविड काल के दौरान जो विपक्षी राजनीति तेज हुई, वह 'भारत के खिलाफ' घूमती रही। उन्होंने कहा, 'यह एक आक्रामक भारत विरोधी अभियान था। वे न केवल भारतीय सेना को बाहर करना चाहते थे, बल्कि भारत को सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से भी बाहर करना चाहते थे। इससे पहले माले में, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पार्कों और सामुदायिक केंद्रों तक हमारी पहुंच बहुत आसान थी, लेकिन मालदीव के वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के माले के मेयर बनने के बाद, यह आसान पहुंच काफी हद तक कम हो गई थी।'

इस अवधि के दौरान, नसरीन ने चीन-मालदीव मैत्री संघ और पाकिस्तान-मालदीव मैत्री संघ के उद्भव को भारत की 'सॉफ्ट पावर' का मुकाबला करने के लिए तंत्र के रूप में देखा। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'मालदीव के साथ सांस्कृतिक संबंधों के मामले में चीन पीछे है'।

नसरीन ने पिछले साल जून की एक घटना को याद किया, जब मालदीव की राजधानी माले में राष्ट्रीय फुटबॉल स्टेडियम में भारतीय उच्चायोग द्वारा मालदीव के युवा, खेल और सामुदायिक सशक्तीकरण मंत्रालय के सहयोग से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से संबंधित एक कार्यक्रम को भीड़ ने बाधित किया था। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में खुद योग का अभ्यास करने की विडंबना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'उन लोगों ने मामूली सी बात पर हंगामा किया। उनका मानना था कि योग 'इस्लाम विरोधी' है। लेकिन विडंबना यह है कि घटना में शामिल लोग विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में खुद ही योग करते थे।'

## खबर संक्षेप

### डेल्टा कॉर्प ने जीएसटी मांग को मनमाना बताया




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनी डेल्टा कॉर्प ने कहा कि 23,200 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी की मांग मनमानी और कानूनी प्रावधानों के विपरीत है लिहाजा उसने इस कर भुगतान के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। 2023 को एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34.48 करोड़ रुपये रहा।

### रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ 83.02 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया बुधवार को 11 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.02 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख से स्थानीय मुद्रा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.13 प्रति डॉलर पर खुला।

### सोना 50 रुपए टूटा, चांदी में 450 रुपए का नुकसान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 50 रुपये घटकर 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। सोना कल 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 450 रुपये गिरकर 76,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।'बुधवार को सोने का कारोबार थोड़ा कम हुआ।

### एमजंक्शन का प्रोत्साहन के लिए ईईपीसी के साथ एमओयू



**कोलकाता।** ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों पर खास ध्यान देने के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इंजीनियरिंग निर्यात प्रोत्साहन परिषद ईईपीसी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। एमजंक्शन का सीमापार ई-बाजार रिवेक्सा, निर्यातकों को वैश्विक खरीदारों से जोड़ने के लिए ईईपीसी इंडिया के साथ सहयोग करेगा।

### इंदौर एसईजेड से निर्यात 11% बढ़कर 10,449 करोड़



**इंदौर।** मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान अप्रैल से दिसंबर के बीच इंदौर के विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से निर्यात 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ लगभग 10,449 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अलग-अलग उत्पादों के कारखानों वाले इस एसईजेड से वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में करीब 9,413 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था।

### टीवी और ओटीटी भी साथ-साथ बने रहेंगेः सीईओ

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी टाटा प्ले के प्रबंध निदेशक एवं



मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरित नागपाल का कहना है कि जिस तरह विमान सेवाओं की शुरुआत के सौ साल बाद भी ट्रेनों का परिचालन बरकरार है, उसी तरह टेलीविजन भी ओटीटी के साथ सह-अस्तित्व में बना रहेगा। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवा ओटीटी के आने से टेलीविजन के लिए खतरे की घंटी बजने के बारे में पूछे जाने पर नागपाल ने कहा कि भारत में हमेशा ही टीवी को पसंद करने वाले दर्शकों का एक वर्ग मौजूद होगा।

---

- मोदी बोले- भारत 25-साल के लक्ष्य पर काम कर रहा
- अदाणी 5 साल में 2 लाख करोड़ करेंगे निवेश
- पहली कार्बन फाइबर फैसिलिटी स्थापित कर रहे मुकेश अंबानी
- धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री लगाएगी टाटा
- 2047 का सपना पूरा करने तैयार हैं लक्ष्मी मित्तल

### वाइब्रेंट गुजरात समिट का किया उद्घाटन

# भारत को महत्वपूर्ण स्तंभ और वृद्धि के इंजन के रूप में देखा जा रहा : मोदी

एजेंसी ▶▶| गांधीनगर

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कई अनिश्चितताओं के बीच भारत उम्मीद की एक 'नई किरण' के रूप में उभरा है और दुनिया इसे स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ, एक भरोसेमंद दोस्त और वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि के इंजन के रूप में देखती है। उन्होंने यह भी कहा कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत 'विश्वमित्र' के रूप में आगे बढ़ रहा है।*

'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' के 10वें संस्करण के उद्घाटन के मौके पर मोदी ने कहा कि सभी प्रमुख रेटिंग एजेंसियों की राय है कि भारत अगले कुछ साल में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। इस सम्मेलन में दुनिया की शीर्ष कंपनियों के प्रमुख और मुख्य कार्यपालक अधिकारी और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी भाग ले रहे हैं।


#### भारत आज वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि का एक इंजन

पीएम ने कहा, ''दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखती है। भारत एक ऐसा मित्र है, जिसपर भरोसा किया जा सकता है, एक ऐसा साझेदार है, जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास करता है और एक ऐसी आवाज है, जो वैश्विक भलाई में विश्वास करता है और वह 'ग्लोबल साउथ' की भी एक आवाज है।उन्होंने कहा, 'दुनिया आज भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि का एक इंजन, समाधान खोजने के लिए एक प्रौद्योगिकी केंद्र और प्रतिभाशाली युवाओं के 'पावरहाउस' के रूप में देखती है।''

#### भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट है

मोदी ने कहा कि भारत के 1.4 अरब लोगों की प्राथमिकताएं और आकांक्षाएं, मानव केंद्रित विकास पर उनकी आस्था, समावेशिता और समानता के लिए हमारी प्रतिबद्धता, विश्व समृद्धि और विश्व विकास का एक प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा, ''भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं। भारत की प्राथमिकताएं टिकाऊ उद्योग, बुनियादी ढांचा और विनिर्माण, नए युग के कौशल, भविष्य की प्रौद्योगिकी, एआई और नवाचार, हरित हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और इसका पूरा पारिस्थितिकी तंत्र है।''






#### भारत 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा

पीएम ने कहा कि विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है। भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने वैश्विक नेताओं और दुनियाभर के निवेशकों को बताया कि अब भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है। इसलिए ये 25 साल भारत के लिए अमृतकाल हैं।

### रिलायंस गुजरात में देश की पहली कार्बन फैसिलिटी स्थापित कर रहा




रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने कहा- जब मेरे विदेशी दोस्त मुझसे पूछते हैं कि 'मोदी है तो मुमकिन है' का मतलब क्या है, तो मैं कहता हूं कि भारत के प्रधानमंत्री एक विजन बनाते हैं और उसे क्रियान्वित करते हैं, वे असंभव को संभव बना देते हैं। मेरे पिता धीरूभाई अंबानी मुझसे कहा करते थे कि गुजरात हमेशा तुम्हारी कर्मभूमि रहेगी। मैं आज दोहराता हूं कि रिलायंस हमेशा गुजरात की कंपनी रहेगी। रिलायंस ने भारत में 12 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसमें से एक तिहाई निवेश गुजरात में किया है।अंबानी ने बताया कि रिलायंस हजीरा में भारत की पहली कार्बन फाइबर फैसिलिटी स्थापित कर रही है। साथ ही रिलायंस गुजरात को हरित वृद्धि में वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति हासिल करने में योगदान देगी। रिलायंस के चेयरमैन ने कहा, 'हम 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा के जरिये गुजरात की आधी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य में मदद करेंगे।' रिलायंस ने जामनगर में 5,000 एकड़ में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू कर दिया है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियों का सृजन होगा और हरित उत्पाद तथा सामग्रियों का उत्पादन संभव होगा जो गुजरात को हरित उत्पादों का अग्रणी निर्यातक बना देगा।

### मित्तल गुजरात में दुनिया का सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र लगाएगे



आर्सेलर मित्तल के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी मित्तल ने कहा कि आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) गुजरात के हजीरा में दुनिया का सबसे बड़ा एकल स्थान एकीकृत इस्पात संयंत्र बना रही है। वैश्विक इस्पात कंपनी आर्सेलर मित्तल जापान की निप्पॉन के साथ भारत में संयुक्त उद्यम संचालित करती है। मित्तल ने कहा कि संयंत्र की उत्पादन क्षमता 2.4 करोड़ टन प्रति वर्ष होगी। इसके 2029 तक तैयार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में कंपनी ने हजीरा संयंत्र के दूसरे चरण के लिए गुजरात सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मित्तल ने कहा कि हजीरा संयंत्र के पहले चरण का काम 2021 में शुरू किया गया था और 2026 तक इसका उद्घाटन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में संयंत्र का भूमि पूजन किया गया था। मित्तल ने विश्वास जताया कि राज्य सरकार के सहयोग से कंपनी 2029 तक सूरत के पास परियोजना के दूसरे चरण को शुरू करेगी।

### अदाणी समूह अगले पांच साल में करेगा दो लाख करोड़ का निवेश




उद्योगपति गौतम अदाणी ने कहा कि उनका समूह अगले पांच साल में गुजरात में दो लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा। इस राशि का बड़ा हिस्सा राज्य में एक स्वच्छ ऊर्जा परियोजना स्थापित करने में खर्च किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि यह परियोजना अंतरिक्ष से भी दिखाई देगी। समूह सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर के निर्माण के लिए तीन गीगा कारखानों का निर्माण भी कर रहा है। गुजरात के कच्छ में वह 725 वर्ग किलोमीटर में फैला दुनिया का सबसे बड़ा हरित ऊर्जा पार्क बना रहा है। यह सौर ऊर्जा से 30 गीगावाट बिजली का उत्पादन करने में सक्षम होगा और साथ ही सौर तथा पवन के लिए एक एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करेगा। अदाणी ने कहा, 'अगले पांच वर्षों में अडाणी समूह गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक यानी 25 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इससे एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन होगा।

### टाटा गुजरात में 'सेमीकंडक्टर फैब' इकाई का करेगा निर्माण



टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा समूह गुजरात के धोलेरा में एक विशाल 'सेमीकंडक्टर फैब' बनाने की योजना बना रहा है और इसका परिचालन 2024 में शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। चंद्रशेखरन ने कहा, ''टाटा समूह ने एक संकल्प किया था जो पूरा होने की कगार पर है। हम धोलेरा में विशाल 'सेमीकंडक्टर फैब' की घोषणा करते हैं। चेयरमैन ने कहा कि समूह दो महीने में राज्य के साणंद में लिथियम आयन बैटरी बनाने के लिए 20 गीगावॉट की गीगाफैक्टरी भी शुरू करने वाला है। चन्द्रशेखरन ने कहा कि हाल के दिनों में समूह ने साणंद में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। साणंद समूह की सभी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रौद्योगिकी के लिए एक गंतव्य बन गया है। उन्होंने कहा कि ईवी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए साणंद में विस्तार किया गया।

## रेडिसन समूह ने अयोध्या में खोला होटल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रेडिसन होटल समूह ने अयोध्या में अपना होटल खोलने की बुधवार को घोषणा की। शहर में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले यह घोषणा की गई है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार, पार्क इन बाय रेडिसन का अयोध्या स्थित 80 कमरे का होटल राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर और सीता की रसोई जैसे उल्लेखनीय स्थलों के पास स्थित है। रेडिसन होटल समूह के मानद चेयरमैन एवं प्रमुख सलाहकार (दक्षिण एशिया) के बी काचरू ने कहा, 'हम अयोध्या में अपने नए होटल के उद्घाटन से खुश हैं। इससे उसे पवित्र शहर में शुरुआती बढ़त मिलेगी। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा ऐतिहासिक स्थलों की वजह से अयोध्या की हमारे देश के दिल में एक खास जगह है। उन्होंने कहा, 'यह विस्तार भारत के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में बेहतरीन आतिथ्य अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

### बीते साल इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 49 प्रतिशत बढ़ी



**मुंबई।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बीते साल (2023 में) सालाना आधार पर 49.25 प्रतिशत बढ़कर 15,29,947 इकाई हो गई। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने यह जानकारी दी। आंकड़ों के अनुसार, ईवी उद्योग ने 2022 में कुल 10,25,063 वाहन बेचे थे। हाल ही में समाप्त वर्ष में दोपहिया ईवी की बिक्री 36.09 प्रतिशत बढ़कर 8,59,376 इकाई हो गई, जो 2022 में 6,31,464 इकाई थी। इसी तरह तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 65.23 प्रतिशत बढ़कर 5,82,793 इकाई हो गई, जो 2022 में 3,52,710 इकाई थी। ई-वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 114.16 प्रतिशत बढ़कर 5,673 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 2,649 इकाई रही थी। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री पिछले साल 114.71 प्रतिशत बढ़कर 82,105 इकाई हो गई, जो 2022 में 38,240 वाहन थी।

### शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरे, सेंसेक्स 271 अंक चढ़ा



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 270 अंक से अधिक के उछाल के साथ बंद हुआ। कारोबार के दौरान बाजार एक समय निचले स्तर पर चला गया था लेकिन अंत में मानक सूचकांकों में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक में लिवाली से इसमें तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार, इस सप्ताह मुद्रास्फीति और आईआईपी (औद्योगिक उत्पादन सूचकांक) के आंकड़े आने पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। बाजार की शुरुआत हल्की रही और कारोबार के दौरान घट-बढ़ होती रही। अंत में तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 271.50 अंक बढ़त के साथ 71,657.71 अंक पर बंद हुआ।

## वेदांता एल्यूमिनियम इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट में शामिल

- कंपनी भारत में एल्यूमिनियम की सबसे बड़ी उत्पादक
- कंपनी ने 22.9 लाख टन एल्यूमिनियम का उत्पादन किया

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादकों में शामिल वेदांता एल्यूमिनियम इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट (आईएआई) में नया सदस्य बन गया है। यह कंपनी भारत में एल्यूमिनियम की सबसे बड़ी उत्पादक है।

इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट एकमात्र संगठन है जो वैश्विक प्राइमरी एल्यूमिनियम उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है। वित्तीय वर्ष 2023 में कंपनी ने 22.9 लाख टन एल्यूमिनियम का उत्पादन किया जो देश के कुल एल्यूमिनियम उत्पादन का तकरीबन 60 प्रतिशत है। इस उत्पादन के साथ कंपनी दुनिया की 10 सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादकों में शामिल हो गई है। एल्यूमिनियम को 'भविष्य की धातु' कहा जाता है। यह धातु ऊर्जा के मामले में परिवर्तन के लिए सहायक होने के साथ ही महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकियों और सस्टेनेबल अनुप्रयोगों में योगदान कर रही है।

वेदांता एल्यूमिनियम दुनिया भर के बाजारों में प्रचालन करती है और 60 से अधिक देशों में इसके ग्राहक हैं। इस सदस्यता पर वेदांता एल्यूमिनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा, इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट में शामिल होकर हम बहुत रोमांचित हैं।

## मेडी असिस्ट का आईपीओ 15 जनवरी को खुलेगा

- मूल्य दायरा 397-418 रुपये प्रति शेयर




**नई दिल्ली।** बीमा कंपनियों को 'थर्ड पार्टी' प्रशासन सेवाएं प्रदान करने वाली मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज ने अपने 1,172 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 397 से 418 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का आईपीओ 15 जनवरी को खुलकर 17 जनवरी को बंद होगा। एंकर निवेशक 12 जनवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह प्रवर्तकों और मौजूदा शेयरधारकों की ओर से 2,80,28,168 (या 2.8 करोड़) इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। ओएफएस के तहत कंपनी के प्रवर्तक - विक्रम जीत सिंह चटवाल, मेडिमेटर हेल्थ मैनेजमेंट और बेसेमर हेल्थ कैपिटल एलएलसी - शेयर बिक्री करेंगे।

## देश की अर्थव्यवस्था 4,000 अरब डॉलर के पार होगी

- पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स को 2024-25 में होने की संभावना
- आरबीआई रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर सकता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश की अर्थव्यवस्था 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर के पार हो जाने की उम्मीद है। वहीं 2026-27 तक इसके बढ़कर 5,000 अरब डॉलर होने का अनुमान है।

उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। उद्योग मंडल ने यह भी कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक 2024 के अंत तक सोच-विचार कर रेपो दर में एक प्रतिशत तक की कटौती कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत विकास का सबूत दिखा रही है... उपयुक्त नीतिगत उपायों के जरिये आने वाले दिनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न जोखिम को कम करने को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।'इसमें कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। देश 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ''देश भविष्य की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है।

## डॉ. कुंदनानी श्री नारायणा हॉस्पिटल में परामर्श के लिए होंगे उपलब्ध



**रायपुर।** श्री नारायणा हॉस्पिटल में शुक्रवार 12 जनवरी को स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बॉम्बे हॉस्पिटल एवं लीलावती हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध स्पाइन सर्जन डॉ. विशाल कुंदनानी परामर्श एवं सर्जरी के लिए उपलब्ध होंगे। इस शिविर में विभिन्न जांचे जैसे पीठ दर्द, कमर दर्द, स्पाइन की तकलीफे, स्लिप डिस्क, स्कोलियोसिस, साइटिका, सवाइकल स्पाइनल इन्जरी की समस्याओं से पीड़ित मरीज परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञात रहे कि श्री नारायणा हॉस्पिटल रायपुर का सुप्रसिद्ध हॉस्पिटल है जो देवेन्द्र नगर में स्थित है।

### घरेलू उपभोक्ताओं के बीच सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड

# भारत ब्रांड 'चना दाल' की बाजार में हिस्सेदारी एक चौथाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

'भारत ब्रांड' के तहत खुदरा बाजार में बेची जा रही चना दाल घरेलू उपभोक्ताओं के बीच सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड बनकर उभरी है।

इसने बाजार में उतारे जाने के चार महीनों में ही एक-चौथाई बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि किफायती होने के कारण इस दाल को उपभोक्ता काफी पसंद कर रहे हैं। अक्टूबर में जारी की गई भारत-ब्रांड 'चना दाल' की कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम है जबकि अन्य ब्रांड की दाल लगभग 80 रुपये प्रति किलोग्राम है।

- उपभोक्ता के सचिव रोहित सिंह ने दी जानकारी
- भारत-ब्रांड 'चना दाल' की कीमत 60 रुपए प्रति किलोग्राम




#### एजेंसियां सरकार से कच्चा चना खरीदती है

सचिव ने बताया कि इन एजेंसियों को बफर स्टॉक से कच्चा चना 47.83 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर इस शर्त के साथ दिया जा रहा है कि उसकी खुदरा कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम से कम नहीं होनी चाहिए। एजेंसियां सरकार से कच्चा चना खरीदती हैं, उसकी मिलिंग करती हैं और भारत ब्रांड के तहत खुदरा बिक्री करने से पहले उसकी पॉलिश करती हैं।

#### 21 राज्यों में की जा रही बिक्री

शुरुआत में इसकी बिक्री 100 खुदरा केंद्रों के जरिये की गई और अब 21 राज्यों के 139 शहरों में मौजूद 13,000 केंद्रों से इसकी बिक्री की जा रही है। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इस कदम से दालों की मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलने का दावा करते हुए कहा, दालों की कीमतें एक समूह के रूप में व्यवहार करती हैं।

#### 2.28 लाख टन चना दाल बेची जा चुकी

सिंह ने कहा, 'ग्राहकों की प्रतिक्रिया इतनी अच्छी रही है कि देश में परिवारों के बीच सभी ब्रांड वाली चना दाल की 1.8 लाख टन मासिक खपत में से एक-चौथाई 'भारत' ब्रांड वाली चना दाल है।'बाजार में उतारे जाने के बाद से लगभग 2.28 लाख टन भारत ब्रांड चना दाल बेची जा चुकी है।


*उद्देश्य कीमतों पर अंकुश लगाना : चने की कीमतों को नीचे लाने के लिए बफर स्टॉक का उपयोग करने से अन्य दालों की कीमतों पर भी इसका पार्श्व प्रभाव पड़ता है। सरकार घरेलू उपलब्धता को बढ़ावा देने और कीमतों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से चने सहित विभिन्न प्रकार की दालों का बफर स्टॉक बनाकर रख रही है।*

# मलेशिया ओपन : सात्विक-चिराग अगले दौर में, प्रणय पहले दौर में हारे

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल टीम ने बुधवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में नए सत्र की शुरुआत जीत से करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय पहले दौर में हार गए।

सात्विक और चिराग की दूसरे नंबर की युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी ओर मौलाना बगास की जोड़ी को 44 मिनट में 21-18, 21-19 से पराजित किया। दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी ने पिछले साल भारतीय जोड़ी को थाईलैंड ओपन और चाइना ओपन में दो बार पराजित किया था।



### 2023 में जीते चार खिताब

*सात्विक और चिराग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी पिछले साल शानदार फॉर्म में थी जिसमें उन्होंने हांगझोउ एशियाड, इंडोनेशिया में सुपर 1000 खिताब, कोरिया ओपन सुपर 500 खिताब और स्विस ओपन सुपर 300 खिताब जीता था जिससे उन्होंने थोड़े समय के लिए करियर की सर्वश्रेष्ठ नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की थी।*

### 43 मिनट में हारे प्रणय

*विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज प्रणय को अपने एक रैंकिंग स्थान नीचे काबिज खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से 43 मिनट में 14-21, 11-21 से हार मिली। पिछले चरण में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे सात्विक और चिराग की जोड़ी अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर ड्रा में आगे तक पहुंचना चाहेगी।*



### दो सेट में मिली जीत

भारतीय जोड़ी ने ताकतवर स्मैश से पहले गेम में दबदबा बनाते हुए 8-4 से बढ़त हासिल की और फिर इसे अपने नाम करने तक पिछड़े नहीं। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ज्यादातर समय पिछड़ती रही लेकिन एक बार 19-19 की बराबरी के बाद उन्होंने अंत के दो अंक अपने खाते में डालकर जीत हासिल की।

### प्रणय ने किया निराश

प्रणय का भी पिछला सत्र शानदार रहा था जिसमें उन्होंने विश्व चैंपियनशिप और एशियाड में कांस्य पदक जीतने के अलावा मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 खिताब भी जीता था। लेकिन सत्र के शुरुआती मैच में वह अपने प्रतिद्वंद्वी की तेजी के साथ बराबरी नहीं कर सके। लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत चीन के वेंग होंग यांग के खिलाफ करेंगे।

## खबर संक्षेप



### राशिद भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला से बाहर

**मोहाली।** अफगानिस्तान की टीम भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रही टी20 श्रृंखला में अपने 'ट्रंप कार्ड' राशिद खान के बिना ही खेलेगी लेकिन कप्तान इब्राहिम जदरान को टीम से अपने मजबूत प्रारूप में अच्छे प्रदर्शन उम्मीद है। वनडे विश्व कप के बाद नवंबर में राशिद ने पीठ की सर्जरी कराई थी, उन्हें टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह 'रिहैबिलिटेशन' के कारण तीनों मैच में उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। जदरान ने कहा, 'वह पूरी तरह से फिट नहीं है। वह 'रिहैबिलिटेशन' कर रहा है। हमें श्रृंखला में उसकी कमी खलेगी।'

### गोल नहीं गंवाने का श्रेय महेश को मिले

**दोहा।** भारतीय फुटबॉल टीम ने 2023 में नौ मैचों में विरोधी टीम को एक भी गोल नहीं करने दिया और स्टार सेंटर बैक संदेश झिंगन ने



डिफेंडरों की सफलता का श्रेय टीम के सहायक कोच और पूर्व गोलकीपर महेश गवली को दिया। झिंगन ने कहा, 'महेश भाई अपने खेलने के दिनों से दिग्गज रहे हैं और अब हमें उनके अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। उन्होंने भारतीय फुटबॉल को बहुत कुछ दिया है। जब विरोधी टीम को गोल नहीं गंवाने के लिए हमारी तारीफ होती है तो इसका श्रेय उन्हें भी दिया जाना चाहिए।'

### न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच होंगे एडम्स

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आंद्रे एडम्स को 12 जनवरी से पाकिस्तान के खिलाफ



शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिए टीम का गेंदबाजी कोच बनाया गया है। एडम्स पांच मैचों की श्रृंखला के लिए मुख्य कोच गैरी स्टीड की टीम का हिस्सा होंगे जिसमें बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची भी शामिल है। एडम्स 2023 में महिला टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तेज गेंदबाजी कोच रहे थे।

### पेगुला की एडीलेड में शानदार जीत

**एडीलेड।** दूसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही बर्नार्डा पेरा को 4-6, 6-2, 6-3 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पेरा को क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह मिली थी।



उन्होंने पहले दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पाउला बाडोसा को हराया था। अब उनका सामना अनास्तासिया पी से होगा जिसने क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा को 2-6, 6-3, 6-2 से मात दी। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने आस्ट्रेलियाई क्वालीफायर एलेक्स बोल्ट को 6-3, 6-2 से हराया। वहीं मेलबर्न में चल रहे कूयोंग क्लासिक नुमाइशी टूर्नामेंट में यानिक सिनेर ने मार्क पोलमैंस को 6-4, 6-0 से मात दी।

### क्रिकेट : टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया के पास बचे सिर्फ तीन मैच

# भारत-अफगानिस्तान में जंग आज सीरीज के पहले टी20 से हटे कोहली

एजेंसी ▶▶| मोहाली

भारत और अफगानिस्तान के बीच सीमित ओवरों की पहली श्रृंखला के शुरुआती टी20 मैच में गुरुवार को सभी की नजरें वापसी कर रहे रोहित शर्मा पर टिकी होंगी क्योंकि विराट कोहली 'निजी कारणों' से इस मुकाबले से हट गए हैं। कोहली हालांकि दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करने से पहले भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बताया कि कोहली 'पारिवारिक कारणों' से हट गए हैं। रोहित और कोहली दोनों इस श्रृंखला के साथ 14 महीने के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी कर रहे हैं।

जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए आखिरी है और इससे अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिये टीम संयोजन तैयार करने में मदद मिलेगी। वैसे अंतिम 15 का चयन आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर होने की संभावना है चूंकि वह विश्व कप से ठीक पहले होगा। द्रविड़ ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित युवा यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करेंगे।



### मैच को लेकर बना रोमांच

दूसरी ओर रोहित दर्शकों के चहेते हैं और उनके खेलने से भारी शीतलहर के बावजूद मोहाली में इस मैच को लेकर काफी रोमांच है। कप्तान रोहित शर्मा पावरप्ले में वही आक्रामक अंदाज दोहराना चाहेंगे जो उन्होंने वनडे विश्व कप में दिखाया था।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान :** इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजाइ, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद कबी, करीम जन्नत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीबुर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, नवीनुल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदन नायब ,



### रोहित-यशस्वी करेंगे ओपनिंग

पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका से लौटी टीम बुधवार को श्रृंखला के पहले मैच से एक दिन पहले ही एकत्र होगी। यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा टीम में हैं। पारी की शुरुआत रोहित के साथ यशस्वी करेंगे। वहीं दक्षिण अफ्रीका में गिल का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा और शीर्षक्रम के लिए तेज होती प्रतिस्पर्धा के बीच उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका में रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया और मध्यक्रम में चोटिल सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी में उनकी भूमिका अहम होगी।

## कुलदीप ने मौके को भुनाया चहल को करना होगा इंतजार

एजेंसी ▶▶| गक्बेरहा



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर इमरान ताहिर का मानना है कि युजवेंद्र चहल अभी भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कलाई के स्पिनरों में से है लेकिन कुलदीप यादव के शानदार फॉर्म के चलते उन्हें अपनी बारी आने का इंतजार करना होगा। ताहिर का मानना है कि बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप मौकों को भुनाने में कामयाब रहे हैं।

चहल को पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के लिए टीम में जगह नहीं मिली और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भी उनका चयन मुश्किल है। ताहिर ने बातचीत में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि युजी को खराब फॉर्म के कारण बाहर किया गया है। वह अच्छी गेंदबाजी कर रहा था लेकिन कुलदीप जबर्दस्त फॉर्म में है और उसने रविंद्र जडेजा के साथ गेंदबाजी में अच्छा तालमेल बना लिया है। मेरा मानना है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनरों में से है और उसे अपनी बारी का इंतजार करना होगा। उसके प्रदर्शन के कारण नहीं बल्कि दूसरे खिलाड़ी के शानदार फॉर्म के कारण। मुझे इसमें कोई शक नहीं कि वह वापसी करेगा।'

## अंडर-19 विश्व कप के मैच अधिकारियों में दो भारतीय

ICC UNDER19 CRICKET WORLD CUP NEW ZEALAND 2018

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आगामी अंडर-19 पुरुष विश्व कप के लिए बुधवार को मैच अधिकारियों की घोषणा की जिसमें भारत के दो प्रतिनिधि अंपायर केएनए पद्मनाभन और मैच रैफरी नारायणन कुट्टी भी शामिल हैं। अंडर-19 विश्व कप 19 जनवरी से 11 फरवरी तक दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के कुल 41 मैच के लिए 16 अंपायरों और चार मैच रैफरियों को चुना गया है।

शुरुआती ग्रुप चरण मैच के लिए मैच अधिकारियों की नियुक्ति की पुष्टि कर दी गई है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहले ईस्ट लंदन मैच में भारत के पद्मनाभन के साथ बोंगानी जेले भी मैदानी अंपायर होंगे। भारत के कुट्टी मैच के रैफरी होंगे जिसमें आस्ट्रेलिया के फिल गिलेस्पी टीवी अंपायर और जिम्बाब्वे के फोर्सस्टर मुतिजवा चौथे अंपायर होंगे।

## नैन्सी ने स्वर्ण और इलावेनिल ने क्वालीफायर में जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

उभरती हुई निशानेबाज नैन्सी और ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान ने बुधवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। जूनियर विश्व टीम की चैंपियन नैन्सी ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 252.8 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं हमवतन इलावेनिल मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गयीं, उन्होंने 252.7 अंक से रजत पदक जीता। भारत मामूली अंतर से



महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में क्लीन स्वीप से भी चूक गया।

मेहुली घोष 210 अंक से चीन की शेन युफान से पीछे चौथे स्थान स्थान पर रहीं। वहीं भारत के विश्व चैंपियन निशानेबाज रूद्रांक्ष पाटिल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में 228.7 अंक से कांस्य पदक जीता। इसमें चीन के मा सिहान (251.4) ने स्वर्ण और कोरिया के दाएहान चो ने रजत पदक हासिल किया। फाइनल में पहुंचे एक अन्य भारतीय अर्जुन बबुता छठे स्थान पर रहे।

## तदर्थ समिति के गठन को चुनौती देगा डब्लूएफआई

**प्रयागराज।** निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने देश में कुश्ती के संचालन के लिए खेल मंत्रालय द्वारा तदर्थ समिति गठित करने पर बुधवार को यहां कहा कि डब्लूएफआई इस फैसले के खिलाफ अदालत जाएगा। यहां एक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने कहा, 'खेल मंत्रालय ने हमारी गतिविधियों को निलंबित किया है और एक तदर्थ समिति बनाई है। हम एक स्वायत्त निकाय हैं और नियमों के अनुसार वो (खेल मंत्रालय) ना तो हमारी गतिविधियां रोक सकते हैं और ना ही हमें काम करने से रोक सकते हैं। वे भारतीय कुश्ती महासंघ की सहमति के बगैर तदर्थ समिति नहीं बना सकते।' डब्लूएफआई में अध्यक्ष पद को लेकर चले विवादों पर उन्होंने कहा, 'कुश्ती को 11 महीने से ग्रहण लगा है। एक साल बीत गया ना कोई राष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई और ना ही कोई शिविर लगा। जूनियर बच्चे हतोत्साहित हैं। दूसरे पक्ष ने कुश्ती को बर्बाद करने के लिए क्या नहीं किया।'

## भारत-अफ्रीका बने संयुक्त चैंपियन...



**जोहानिसबर्ग।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के लिए बुधवार को यहां होने वाला त्रिकोणीय अंडर-19 एकदिवसीय टूर्नामेंट का फाइनल बारिश के कारण रद्द हो गया जिससे दोनों टीम को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। मैच अधिकारियों ने निर्धारित कट ऑफ समय तक इंतजार किया और कम से कम 20 ओवर के मुकाबले की संभावना को नहीं देखते हुए मैच रद्द कर दिया।



## बॉयफ्रेंड के चक्कर में जाहन्वी ने सारा तेंदुलकर को किया अनफॉलो

सारा तेंदुलकर अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी अपने लुक्स की वजह से तो कभी शुभमन गिल के कारण उनके चर्चे होते रहते हैं। लेकिन अब जो खबर आ रही है उसके चर्चा की वजह न तो सारा के लुक्स और न ही शुभमन गिल। बल्कि इस बार सचिन तेंदुलकर की लाडली जाहन्वी कपूर की वजह से छाई हुई हैं। दरअसल हाल ही में सारा तेंदुलकर को जाहन्वी कपूर के बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के पार्टी करते देखा गया था, जिसके बाद खबर आ रही है कि जाहन्वी कपूर ने सारा तेंदुलकर को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है।

**शिखर-सारा की पार्टी**

बॉलीवुड के गलियारों में इन दिनों जाहन्वी कपूर और शिखर पहाड़िया के रिश्तों के चर्चे हैं। जाहन्वी कपूर ने शिखर संग रोमांस की खबरों पर कॉफी विद करण में बीते दिनों मुहर लगा दी थी। इस दौरान जाहन्वी ने शिखर को शिखु कहा था, जिसके बाद दोनों के रिश्तों के चर्चे तेज हो गए। जाहन्वी ने एक तरफ शिखर संग अपना रिश्ता कन्फर्म किया है, जिसके कुछ दिन के बाद शिखर सारा तेंदुलकर संग पार्ट करते नजर आए।

**पहले कर रहीं थीं फॉलो**

सारा और शिखर को साथ में देखने के बाद फैंस भी अब तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं। शायद फैंस को भी सारा का शिखर के साथ घूमना पसंद नहीं आया है। इसके अलावा शायद जाहन्वी को भी सारा और शिखर का साथ में घूमना रास नहीं आ रहा है और उन्होंने सारा को अनफॉलो कर दिया है। हालांकि वह पहले उनको फॉलो कर रही थीं।



## सनी देओल की फिल्म सफर में कैमियो करेंगे सलमान खान

बॉलीवुड इंडस्ट्री के एक्शन स्टार सनी देओल की साल 2023 में फिल्म गदर 2 रिलीज हुई थी। इस फिल्म का लोगों पर ऐसा जुनून चढ़ा कि बॉक्स ऑफिस पर कमाई 500 करोड़ रुपये के पार हो गई। सनी देओल की फिल्म गदर को जितना प्यार साल 2001 में मिला था और उसी तरह फिल्म गदर 2 को भी लोगों ने खूब पसंद किया है। फिल्म गदर 2 हिट होने के बाद सनी देओल अपनी अगली फिल्मों की तैयारी में लगे हुए हैं। अब सनी देओल की फिल्म सफर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं और इसको लेकर नया अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि सनी देओल की फिल्म सफर में सलमान खान की एंट्री हो गई है और जल्द ही इसकी शूटिंग करने वाले हैं। आइए जानते हैं कि फिल्म सफर को लेकर पूरा अपडेट क्या है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सनी देओल की फिल्म सफर में सलमान खान भी नजर आएंगे। इस फिल्म सलमान खान कैमियो रोल करने वाले हैं। सलमान खान की फिल्म सफर में अपने रोल के लिए 12 और 13 जनवरी को महबूब स्टूडियो में शूटिंग करने वाले हैं। सलमान खान इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं और काफी उत्साहित भी हैं। हालांकि, मेकर्स की तरफ इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होने वाकी है। फिलहाल, सनी देओल और सलमान खान के फैंस दोनों स्टार्स को एक साथ फिल्म मे देखने को लेकर उत्सुक हो गए हैं। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## धूम 4 में नजर आयेंगे शाहरुख

बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान ने पठान, जवान और डंकी से बॉक्स ऑफिस हिला दिया है। साल 2023 में रिलीज हुई ये तीनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट रही, लेकिन साल 2024 में किंग खान ब्रेक लेने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक साल 2024 में शाहरुख खान की एक भी फिल्म रिलीज नहीं होगी। लेकिन शाहरुख खान नाम कई फिल्मों से जोड़ा जा रहा है। अभी करण जौहर से लेकर विशाल भारद्वाज तक कई फेमस डायरेक्टर किंग खान के साथ काम करने को तैयार है। लेकिन अभी तक किसी के साथ डील पक्की नहीं हो पाई है। इसी बीच शाहरुख खान का नाम एक नई फिल्म से जुड़ रहा है। इसी बीच अब शाहरुख खान खान का नाम धूम 4 से जोड़ा जा रहा है। खबर के अनुसार शाहरुख खान ने धूम 4 के लिए हा कर दी है। इसके बाद माना जा रहा है कि किंग खान इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। आपको बता दें कि पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि धूम 4 को लेकर अभी तक कुछ तय नहीं हो पाया है। शाहरुख खान की धूम 4 में एंट्री की खबर ने फैंस को खुश कर दिया है। लेकिन जानकारी के लिए बता दें कि धूम 4 में शाहरुख खान की एंट्री को लेकर कोई भी अधिकारिक खबर सामने नहीं आई है।




Bollywood Update



# 9 फरवरी को इश्क में डूबेंगे शाहिद और कृति

शाहिद कपूर और कृति सेनन ने बड़ा अनाउंसमेंट किया है। इन दोनों ने अपनी मचअवेटेड फिल्म का ना केवल नाम रिवील किया बल्कि फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। शाहिद और कृति की ये रोमांटिक फिल्म इसी साल वैलेंटाइन वीक में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के रिलीज डेट के साथ एक मोशन पोस्टर भी रिलीज किया है।

इस वैलेंटाइन




**रोमांस होगा दोगुना**

शाहिद कपूर और कृति सेनन ने कई महीने पहले अपनी इस फिल्म का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त इस फिल्म का नाम रिवील नहीं किया था। लेकिन अब इन दोनों सितारों ने फैंस को डबल धमाका किया है। इस फिल्म का ना केवल नाम अनाउंस किया बल्कि फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। शाहिद कपूर के इस पोस्ट के मुताबिक तेरी बातों में ऐसा उलझा जियाइसी साल वैलेंटाइन वीक में 9 फरवरी, 2024 को थियेटर में रिलीज होगी।

## काफी संघर्ष पूर्ण रहा है कल्कि कोच्लिन का जीवन रंग की वजह से नहीं मिलता था काम

कल्कि कोच्लिन फैंस के बीच हमेशा से बेबाकी से बात रखने के लिए जानी जाती हैं। आज एक्ट्रेस का हैप्पी वाला बर्थडे है। ऐसे में हम आपके लिए उनकी जर्नी से जुड़ी दिलचस्प जानकारी लेकर आए हैं। कल्कि कोच्लिन उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्हें रंग की वजह से इंडस्ट्री में काम मिलने में दिक्कत हुई। मगर बावजूद इसके उन्होंने जर्नी जारी रखी। आइए जानते हैं कल्कि का सफरनामा और कैसे उन्होंने फैंस का दिल जीता।



**गोरे रंग की वजह से नहीं मिलता था काम**

एक इंटरव्यू के दौरान कल्कि बताती हैं कि कैसे एक कलाकार का रंग काम मिलने और ना मिलने के लिए निर्भर हो जाता है। वो कहती हैं, मेरा स्किन का कलर अक्सर बॉलीवुड में भूमिकाओं को सीमित कर देता है। मेरे जैसे किसी भी कलाकार के लिए इंडस्ट्री में बहुत कम भूमिकाएं है। एक्ट्रेस के साथ आधे भारतीय और आधे ब्रिटिश होने के कारण होता है। बता दें कि किसी भी प्रोजेक्ट की कहानी के लिए एक्टर चुनने से पहले उम्र, रंग, बॉडी जैसे बहुत से पहलूओं को दीमाग में रखा जाता है।

**कल्कि ने इन फिल्मों से जीता फैंस का दिल**

फिल्म ये जवानी है दीवानी में कूल गर्ल का किरदार निभाने के अलावा भी कल्कि ने कई शानदार किरदारों को निभाया है। अभिनेत्री को मार्गरिटा विद अ स्ट्रॉ, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, दैट गर्ल इन येलो बूट्स, शंघाई, देव डी, एक थी डायन और गली बॉय जैसी फिल्मों में देखा गया है। उन्होंने अपने हर एक किरदार से प्रूफ किया है कि वो कमाल कि कलाकार हैं।



## दमदार है विजय सेतुपति और कैटरीना कैफ की परफॉर्मेंस

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की मच अवेटेड फिल्म मैरी क्रिसमस रिलीज के लिए तैयार है। ये मूवी बहुत जल्द सिनेमाघरो में दस्तक देगी। इस बीच मैरी क्रिसमस का रिव्यू आ गया है जिसमें विजय सेतुपति और कैटरीना कैफ की एक्टिंग की जमकर तारीफ हो रही है। इसके अलावा डायरेक्टर श्रीराम राघवन के डायरेक्शन को भी सराहा जा रहा है। फिल्ममेकर विग्नेश शिवन ने इंस्टा स्टोरी पर मैरी क्रिसमस का रिव्यू शेयर किया है। उन्होंने लिखा, जीनियस श्रीराम राघवन की फिल्म का स्क्रीनप्ले बहुत शानदार है। विजय सेतुपति और कैटरीना कैफ की परफॉर्मेंस आउटस्टैंडिग है। ये फिल्म हमें अल्फ्रेड हिचकॉक के समय में वापस लेकर जाती है। प्रीतम का म्यूजिक फिल्म का एक प्रमुख स्तंभ है। आखिर के 30 मिनट बहुत अच्छे है। 12 जनवरी से सिनेमाघरों में इस फिल्म का लुत्फ उठाएं ।विजय सेतुपति हमें आप पर गर्व है। आपने बहुत सहजता के साथ अपने किरदार को निभाया है। इसके अलावा फिल्म ट्रेड एनालिस्ट सतीश कुमार एम ने भी मैरी क्रिसमस का रिव्यू



किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, मैरी क्रिसमस एक विंटेज थ्रिलर फिल्म है जिससे सेकंड हाफ में पुलिस स्टेशन वाला सीन दिलचस्प है।

## जब बड़े बॉलीवुड स्टार ने की थी अर्चना गौतम की बेइज्जती



इन दिनों सलमान खान का कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस 17 काफी सुर्खियों में बना हुआ है। लेकिन आपको बता दें कि आज हम आपको बिग बॉस 16 की ऐसी कंटेस्टेंट से मिलवाने जा रहे हैं जिन्होंने हर किसी का दिल जीता। वह अपनी अदाओं से हर किसी को अपना बनाने में सक्षम है। लेकिन जब वह फिल्मी दुनिया में अपना करियर बनाने आई तो एक मशहूर एक्टर ने अपनी बेटी के जूते के बराबर उन्हें बता दिया। लेकिन आज के वक्त में इस अभिनेत्री ने अपनी मेहनत के बलबूते पर मुंबई में एक आलीशान घर खरीद लिया है। दरअसल हम आज बात करने वाले हैं बिग बॉस 16 की अर्चना गौतम के बारे में। वह अपने चुलबुले अंदाज की वजह से लोगों को काफी पसंद आई। भले ही उन्होंने बिग बॉस का खिताब अपने नाम ना किया हो लेकिन इसके बावजूद आज वह एक अच्छे खासे मुकाम पर पहुंच चुकी है। हाल ही में एक्ट्रेस ने मुंबई में एक 2BHK आलीशान घर खरीदा है। जिसका वीडियो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम से शेयर भी किया। लेकिन अब हाल ही में अर्चना गौतम ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि यह घर उन्होंने अपनी मां के गहनों को गिरवी रखकर और अपनी कुछ सेविंग से खरीदा है। लेकिन अर्चना ने इस इंटरव्यू के दौरान अपनी लाइफ के ऐसे वक्त को लेकर बात की जब एक दिग्गज एक्टर ने उनकी तुलना अपनी बेटी के जूते से कर डाली थी।

एक्ट्रेस ने बताया कि वह जब मुंबई अपने सपनों को पूरा करने पहुंची तो उनकी ुलाकात एक बड़े एक्टर से हुई।

## नीतू कपूर ने किया खुलासा, एक्ट्रेस ने कहा- चाचा शशि कपूर पर था क्रश

'कॉफी विद करण 8' का आगामी एपिसोड 11 जनवरी की आधी रात को स्ट्रीम होने के लिए तैयार है, और इस एपिसोड के मेहमान अनुभवी कलाकार जीनत अमान और नीतू कपूर होंगे। एपिसोड का प्रोमो अब बाहर आ गया है, और यह ढेर सारे बेतुके खुलासे और हंसी का वादा करता है क्योंकि वे अपनी ऑफ-स्क्रीन के साथ-साथ ऑन-स्क्रीन हरकतों का भी खुलासा करते हैं। एपिसोड के टीजर में 70 के दशक के समकालीनों ने अपने रिश्ते के बारे में भी बताया। लोकप्रिय टॉक शो 'कॉफी विद करण 8' का नया टीजर अब रिलीज हो गया है। जीनत अमान और नीतू कपूर शो के आगामी एपिसोड के लिए सोफे की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार हैं, जिसके मेजबान करण जौहर हैं। यह जोड़ी एक मजेदार और 'जंगली' रात का वादा कर रही है क्योंकि वे अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के बारे में रहस्य उजागर कर रहे हैं। एपिसोड में, नीतू कपूर ने यह भी खुलासा किया कि उन्हें एक बार अपने चाचा और अभिनेता शशि कपूर पर क्रश था। क्रश के बारे में बात करते हुए, करण ने पूछा, "आपके समय का एक बॉलीवुड हार्टथ्रोब, आपका गुप्त क्रश कौन था?" शशि कपूर, नीतू ने उत्तर दिया। आश्चर्यचकित होकर, करण ने फिर टिप्पणी की, "आप अपने चाचा पर क्रश कर रहे थे?" टीजर में, करण ने जीनत से यह भी पूछा, "आपके अनुसार, 70 के दशक में आपने सबसे अजीब काम क्या किया?" नीतू ने खुलासा किया, "मैंने वास्तव में पार्टी नहीं की, लेकिन जब बाढ़ के दरवाजे फटे, तो उन्होंने वास्तव में पार्टी की।" क्या आपका मतलब उन पुरुषों से है जो आपके जीवन में आए?" करण ने पूछा। जीनत अमान ने चुटकी लेते हुए कहा, "कोई टिप्पणी नहीं"। शो के आखिरी एपिसोड में जान्हवी कपूर और उनकी बहन खुशी कपूर नजर आईं। हर गुरुवार को नए एपिसोड जारी करते हुए, 'कॉफी विद करण 8' विशेष रूप से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।



# अन्तिम श्वास तक लड़ेंगे, पुरानी पेंशन के लिए हड़ताल के लिए बाध्य कर रही है सरकार

## क्रमिक भूख उपवास के चौथे और अंतिम दिन बनारस रेल कारखाना में जुटे केंद्र व राज्य कर्मचारियों ने दिया धरना

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। अन्तिम श्वास तक सरकार से लड़कर हर हाल में पुरानी पेंशन लेकर ही दम लेगा कर्मचारी वरना आगामी लोकसभा चुनाव में सरकार को नुकसान उठाना पड़ सकता है उक्त बातें पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संयुक्त मंच द्वारा चलायें जा रहे क्रमिक भूख उपवास के चौथे और अंतिम दिन गुरुवार को बनारस रेल कारखाना में भारी संख्या में जुटे केंद्र व राज्य कर्मचारियों ने भूख उपवास रखकर दे रहे धरना में मंच के संयोजक शशिकान्त श्रीवास्तव ने कहा क्रमिक भूख उपवास में केंद्र एवं राज्य कर्मचारियों के अलावा शिक्षक व पेंशनर्स की सहभागिता रही जिसकी अध्यक्षता कामरेड प्रदीप शर्मा जोनल सेक्रेटरी और अरविन्द श्रीवास्तव महासचिव बनारस रेल कारखाना ने भूख उपवास व धरना का संचालन किया। सह संयोजक सुनील सिंह (सचिव नार्दन रेलवे मेंस यूनियन) एवं एन बी सिंह सचिव पूर्वोत्तर रेलवे मेंस यूनियन ने संयुक्त रूप से




कहा कि एक जनवरी 2004 से केंद्र सरकार के कर्मचारी एवं अप्रैल 2005 से उत्तर प्रदेश कर्मचारियों के लिए पूर्व प्रदत्त पेंशन व्यवस्था समाप्त करके नई अंशदाई पेंशन व्यवस्था लागू कर दी गई है जो की शेयर बाजार आधारित व्यवस्था है कर्मचारी समाज लगातार इस व्यवस्था का विरोध कर रहा है। धरना को सम्बोधित करते हुए दिवाकर द्विवेदी मण्डल अध्यक्ष, दीपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव मण्डल मन्त्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने संयुक्त रुप से कहा कि देश व प्रदेश के लाखों लाख कर्मचारी एवं शिक्षकों द्वारा 27 जून 2023 को लखनऊ में और 10 अगस्त 2023 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आक्रोश व्यक्त किया परंतु केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा अभी तक गंभीरता से न लेकर विरोधाभासी बयान किया जा रहा है इससे कर्मचारियों व शिक्षकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है इसलिए आज पूरे देश का केंद्रीय व राज्य कर्मचारी एवं शिक्षक हड़ताल पर जाने से पूर्व भूख उपवास कर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर रहे है जिसका निर्णय संयुक्त मंच द्वारा लिया जा चुका है। अध्यक्षता कर रहे कामरेड प्रदीप शर्मा ने कहा कि विगत दस वर्षों से पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली की मांग पर संगठन द्वारा लगातार चेतावनी दी जा रही है परंतु मांग पूरी न होने पर अब मजबूर होकर रेल का चक्का जाम किए जाने जैसा निर्णय हमारे कामरेड राष्ट्रीय संयोजक शिव गोपाल मिश्रा जी को लेना पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कामरेड अरविन्द श्रीवास्तव ने कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली पर केन्द्र सरकार द्वारा कोई निर्णय न लिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है यदि मजबूर होकर हड़ताल जैसा कठोर निर्णय संगठन को लेना पड़ेगा तो हमने इसके लिए तैयारियां कर ली है जिसके लिए 98 प्रतिशत कर्मचारियों ने सहमति प्रदान की है ` प्राथमिक शिक्षक संघ के मण्डल सचिव जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ आनन्द सिंह व जिला अध्यक्ष विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के यशोवर्धन त्रिपाठी ने कहा कि वर्ष 2014 में लोक सभा चुनाव के पूर्व प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह ने इस बात की घोषणा की थी जब हमारी सरकार बनेगी तो हम पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करेंगें । आज भारत सरकार को लगभग दस वर्ष पूर्ण होने को है कर्मचारी शिक्षकों की मांग पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली नहीं की गई इसलिए पूरे प्रदेश का शिक्षक हड़ताल पर जाने को बाध्य होना पड़ेगा। धरना को शशिकांत श्रीवास्तव, महिमा दत्त द्विवेदी सुनील सिंह, एन बी सिंह, दिवाकर द्विवेदी, दीपेन्द्र श्रीवास्तव डी के सिंह, श्याम राज यादव, इन्द्रजीत शाह, सुभाष शाह सुधांशु सिंह, जटाशंकर यादव, हरेंद्र यादव, रामाश्रय यादव जिलाध्यक्ष मऊ सुरेन्द्र यादव जिलाध्यक्ष गाजीपुर यशोवर्धन त्रिपाठी,आनन्द सिंह, अजय कुमार, रणजीत सिंह, आशुतोष कुमार,राणा गोपाल रंजन, गीता उपाध्याय, अतुल कुमार सिंह, विवेक सिंह, बृजेश सोनकर ,जटाशंकर यादव, अभिमन्यु राय, रोहित शर्मा, आलोक बर्मा,संदीप यादव, जमुना यादव, ह्रदय पटेल, अमित यादव, एस पी राय, त्रिलोकी नाथ सिंह, अरविन्द प्रधान, उपेन्द्र सिंह, अभिषेक वर्मा,निलेश राय,अरुण विश्वकर्मा, संजय कुमार, मनीष सिंह, संतोष विश्वकर्मा, श्रीकांत यादव ,राकेश कुमार, सत्य कुमार श्रीवास्तव, भोलाराम, मृत्युंजय सिंह, शिव बालक प्रसाद, प्रदीप पाल, सन्तोष कुमार, अरुणेंद्र विश्वकर्मा आदि ने संबोधित किया।

# रामोत्सव 2024! काशी से अयोध्या आने वाली रोडवेज बसों की संख्या में वृद्धि करेगी योगी सरकार

प्रखर वाराणसी। काशी से अयोध्या रूट पर 15 जनवरी तक 50 से अधिक रोडवेज बसों का संचालन किया जाएगा, जबकि प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत इस सुविधा में और बढ़ोतरी होगी। देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को दोनों आध्यात्मिक नगरों की यात्रा के बीच सहज-सरल सड़क यातायात से जोड़ने में योगी सरकार बड़ी भूमिका निभाएगी। अयोध्या के लिए जाने वाली रोडवेज की बीएस 6 बसों का और बेड़ा शामिल होगा। रोडवेज बसों के चालक-परिचालक यूनिफॉर्म में दिखेंगे। परिवहन निगम की तरफ से अभी वाराणसी से अयोध्या के लिए हर घंटे एसी और हर आधे घंटे पर सामान्य बस भी चलाई जा रही है।

**यात्रियों के बढ़ने के साथ ही बढ़ेंगे बसों के फेरे**– काशी विश्वनाथ धाम को सजाने-संवारने के बाद रामनगरी अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण से उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक व पर्यटन के दृष्टिकोण से एक बार फिर नई फलक पर अग्रसर हुआ है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद वाराणसी से अयोध्या जाने वाले अंतरराष्ट्रीय और घरेलू यात्रियों की बड़ी तादाद में संख्या बढ़ने की संभावना है। ऐसे में प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ब्रांडिंग की जाएगी। इंटरनेशनल टूरिस्ट देश-प्रदेश और रोडवेज की अच्छी छवि लेकर जाएं, इसके लिए बीएस -6 मानक की नई बसें चलाए जाने की योजना है। वाराणसी से हर आधे घंटे पर सामान्य बस और एक घंटे पर एसी बसों की सुविधा मिलेगी। रोडवेज के सभी बसों में ड्राइवर और कंडक्टर यूनिफॉर्म में रहेंगे।

**आसपास के जिलों से भी अयोध्या के लिए चलाई जाएंगी सीधी बसें**– क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि वाराणसी से अयोधया के लिए अभी 4 से 5 बस चल रही है, जो 15 जनवरी तक बढ़ कर 50 से अधिक हो जाएगी। यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। 22 जनवरी के बाद यात्रियों के बढ़ने के साथ बसों की संख्या में वृद्धि करते हुए इसे सुचारु रूप से चलाया जाएगा। इसके अलावा वाराणसी के पास के जिलों से भी सीधे अयोध्या के लिए बस चलाने की योजना है।

# भारतीय सैफी समाज के जिलाध्यक्ष चुने गए जावेद अख्तर

प्रखर कुशीनगर। भारतीय सैफी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इरशाद सैफी व सरपरस्त हाजी यास्मीन सैफी तथा निजामुद्दीन सैफी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र के माध्यम से कुशीनगर जनपद के ग्राम पंचायत करमैनी, पोस्ट चन्द्रौटा थाना पटहेरवा तहसील तमकुही राज के निवासी व एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार जावेद अख्तर सैफी (राजू) को संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पत्र में लिखा गया है कि आपकी मेहनत, लग्न और फिक्र को देखते हुए भारतीय सैफी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. इरशाद सैफी जी की सहमति से भारतीय सैफी समाज के द्वार आपको भारतीय सैफी का जिला अध्यक्ष कुशीनगर मनोनीत किया जाता है। और उम्मीद है कि आप इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे व भारतीय सैफी समाज को मजबूत कर सैफी समाज का नाम रोशन करेंगे। जावेद अख्तर सैफी के



इस मनोनयन पर मुबारक अंसारी, कौसर नियाज, शमशाद अंसारी, अख्लाक हुसैन, यूनूस अली,सुरज सिंह, महन्थ सिंह, सफीक आलम, पिंस सिंह, रामाआशिष सिंह केदार सिंह, रोहित यादव, विजय गोंड, श्रीकृष्ण मुरारी पांडे, अमरनाथ पांडे, धनंजय मिश्रा,निरज लाल श्रीवास्तव, मुस्ताक अहमद सैफी, नूर ऐन अली सैफी, आसीफ सैफी, शहादत हुसैन सैफी, सरफराज सैफी, मुबारक सैफी, सलाउद्दीन अहमद सैफी, रमजान सैफी, आबिद अली सैफी, रियासुद्दीन सैफी, सैफी, वशीम अख्तर सैफी,मेराज अहमद सैफी, अहमद सैफी, मुस्तकीम सैफी, अजीज सैफी, इमरान अली सैफी, नसीरूद्दीन हैदर सैफी, मैनुद्दीन सैफी, मुन्ना सैफी, जाकीर अली सैफी, मुहम्मद कैश सैफी, सलमान अख्तर सैफी, सेराज सैफी, सत्तार सैफी, एजजुल्लाह सैफी, इरशाद सैफी, मौलाना हाशीम सैफी, नसीम अख्तर सैफी, याकूब सैफी, सद्दाम सैफी, हसनैन सैफी , मदीना सैफी, जाहिद सैफी, असलम सैफी, मुतुर्जा सैफी, बशीर अहमद सैफी, वकील सैफी, मीरहसन सैफी, अलीमुद्दीन सैफी, फारूक सैफी, इशहाक सैफी, अनवर सैफी, नेक मुहम्मद सैफी, मुहम्मद कैफ सैफी, इब्राहीम सैफी, इबरार सैफी, इस्तखार सैफी, सुहेल अहमद सैफी, सैयद अली सैफी, दिलशाद सैफी, मुन्ना सैफी,खुश मुहम्मद सैफी, मुस्लिम सैफी, मुमताज सैफी, खुर्शीद सैफी, मुख्तार सैफी, अब्बास सैफी, मेराज अहमद सैफी नूरलैन सैफी, जावेद अख्तर सैफी, नूर आलम मंसूरी नौशाद अहमद, रफीक अहमद,राजूअली, आदि ने बधाई दी है।

# रुद्राक्ष और इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के बाद अब एक और भवन काशी के धार्मिक महत्व को दर्शाता दिखाई देगा

## प्रस्तावित मॉडल में डमरू, त्रिशूल, शंख, नदी, चाँद और घाट की कलाकृतियां

प्रखर वाराणसी। रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर और इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के बाद अब एक और भवन काशी के धार्मिक महत्व को दशार्ता हुआ दिखाई देगा। वाराणसी में बन रहे देश के पहले अर्बन पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे के स्टेशन की डिजाइन शिव और काशी के थीम पर आधारित होगी। वाराणसी कैंट स्टेशन पर बनने वाले रोप -वे स्टेशन की पहली तस्वीर का प्रस्तावित मॉडल सामने आया है। इसमे डमरू, त्रिशूल, शंख, नदी, चाँद और घाट की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। रोप-वे वाराणसी में 2024 तक पर्यटकों के लिए तैयार हो जाएगा। देश की धार्मिक राजधानी काशी में डबल इंजन की सरकार नए भवनों को धार्मिक स्वरूप में बना रही है। दुनिया का तीसरा और देश के पहले अर्बन पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोपवे वाराणसी में निमार्णाधीन है। ये रोपवे पर्यटकों को वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन से बाबा के दरबार के पास गदौलिया तक की यात्रा कम समय में कराएगा। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) से मिली जानकारी के मुताबिक रोप वे स्टेशन का निर्माण काशी की ख़्याति के अनरूप किया जा रहा है। सभी रोप-वे स्टेशन पर वाराणसी की प्रमुख चीजों को दिखाने प्रयास होगा। वाराणसी कैंट स्टेशन से शुरू होकर गोदौलिया चौराहे तक कुल पांच



स्टेशन होंगे। जिसमे कैंट रेलवे स्टेशन,काशी विद्यापीठ, रथयात्रा, गिरजाघर और गोदौलिया चौराहे पर स्टेशन बनाया जाएगा। रोपवे की कुल दूरी 3.85 किलोमीटर होगी जो करीब 16 मिनट में तय होगी। लगभग 35 से 45 मीटर की ऊंचाई से करीब 150 ट्रॉली कार चलेगी। इस योजना की लागत 807 करोड़ की है।

# मोनो ब्लाक व टूल्लू पम्प की चोरी कर खरीद/बिक्री करने वाले गैंग का पर्दाफाश

## 04 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी का 06 अदद मोनोब्लाक व टूल्लू पम्प बरामद

प्रखर मिजार्पुर। थाना ड्रमण्डगंज पर दिनांकः 10.01.2024 को वादी विनय चौरसिया पुत्र बृजभान चौरसिया निवासी देवरी दक्षिण थाना ड्रमण्डगंज जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध मोनोब्लाक व टूल्लू पम्प चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना ड्रमण्डगंज पर मु0अ0सं0-02/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए चोरी की घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी व बरामदगी करने हेतु थानाध्यक्ष ड्रमण्डगंज को निर्देश दिये गये । उक्त निर्देश के अनुक्रम में की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के नेतृत्व में थाना ड्रमण्डगंज पुलिस टीम द्वारा दिनांकः 10.01.2024 को प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना ड्रमण्डगंज क्षेत्रांतर्गत देवरी दक्षिण के पास से चोरी की 06 अदद



मोनोब्लाक व 01 अदद टूल्लू पम्प के साथ 04 शातिर चोर 1. छोटेलाल कोल उर्फ गैंडे पुत्र स्व0 दुर्गा कोल निवासी ग्राम मुडेल थाना ड्रमण्डगंज जनपद मीरजापुर, 2. दीपक सिंह पुत्र बुदन सिंह निवासी ग्राम मुडेल थाना ड्रमण्डगंज जनपद मीरजापुर, 3.कमला शंकर उर्फ डाकू पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम मुडेल थाना ड्रमण्डगंज जनपद मीरजापुर व 4. अशोक कुमार पुत्र लोरिक निवासी ग्राम मुडेल थाना ड्रमण्डगंज जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगो का एक गैंग है जो दिन में रेकी कर रात में योजना के तहत खेतों में लगे पम्प, टूल्लू व अन्य प्रकार के सामानों को चुराकर बेच देते जिससे हमें अच्छी आमदनी हो जाती है तथा अर्जित धन को आपस में बाट लेते है।

# प्रभु श्री राम पूजित अक्षत कलश यात्रा बड़ी संख्या में निकाली गई शोभायात्रा

प्रखर संतकबीरनगर। आज टुंगपार से कटका तक राम जी की झांकी के साथ राम अक्षत पूजित अक्षत कलश यात्रा बड़ी संख्या में निकाली गई ,,शोभा यात्रा का नेतृत्व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक श्री राजीव नयन जी, अश्वनी कुमार पाण्डेय, मुनीब सिंह, जी ने किया, अपने संबोधन में राजीव नयन जी ने कहा कि भारत के कण कण में भगवान राम का दर्शन हैं राम की आध्यात्मिकता में जन जन परिचित और उत्साहित है, समाज का अंतिम व्यक्ति भी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर को राम मन्दिर और अपने समाज को अयोध्या बनने की तैयारी में जुट गया है, शोभा यात्रा से अनुरोध करते हुवे कि अब हमे राम मंदिर के उद्घाटन से रामराज की तरफ बढ़ना है,2047 में हमे राजनेतिक स्वतंत्रता मिली थी अब 22 जनवरी 2024 से हमे सांस्कृतिक



स्वतंत्रता मिली है इस अवसर पर हम सभी अपने घर दिव्य दिवाली की तैयारी करें, इस अवसर पर बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन और चार पहिया वाहनों में लोग और झांकी के साथ हजारों की संख्या में महिलाएं पैदल और चौराहों पर आम जनता शोभा यात्रा पर फूल वषार्ते दिखें, ककरही में स्वङ्ग भीमल प्रसाद मौर्य जी की धर्मपत्नी और पुत्र शंभू मौर्य जी द्वारा राम चरित मानस राजीव नयन जी को भेंट किया गया,श्री राम जी की जयघोष करते मिले,,राम चंद्र सिंह, प्रदीप सिसोदिया, अजय दुबे, राजेश प्रकाश मिश्रा मल्लू, गिरिशदत्त पाण्डे, शंभू नाथ मौर्या, सुभम राय, सुधीर कुमार, विपिन सिंह, गोविन्द जायसवाल, वीरेंद्र चौधरी, ध्रुव चौधरी, लल्लन सिंह, राजा सिंह,हरिराम पाल, नरेंद्र सिंह, संजय जायसवाल,सुभाष चंद्र पाण्डे, सुरेशानंद, ओम पुष्पम भारती, अखंड प्रताप सिंह, दीनानाथ दुबे, ओमकार मिश्रा, डा. राम प्रताप पाल, गिरजानंद, महेशानंद, नंदलाल, अनिल जी आदि सभी लोग रहे मौजूद।

# सर्दी से बचाव के लिए बांटे गये गर्म कंबल, जरूरतमंद लोगों में कंबल वितरण

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। दशाश्वमेध घाट पर विकलांग और जरूरतमंदों के बीच माँ अन्नपूर्णा के महंत शंकर पूरी ने अपने हाथों किया कंबल वितरण ` पुरुष,महिलाओं को सर्दी से बचाव के लिए वाराणसी के जगह बदलकर एक हफ्ते बटेंगे कंबल। महंत शंकर पूरी ने कहा सर्दी के मौसम में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों को एक चादर भी ढंग की नहीं होती है ` ठण्ड में कई



लोगों कि जान इस कारण से चली जाती है इस ठंडी में मनुष्य के जीवन में मानव सेवा ही सबसे बड़ा कर्तव्य है उन्होंने कहा कि जो लोग ऐसा पुनीत कार्य करते हैं वे इंसानियत की मिसाल पेश करते हैं। मंदिर के प्रबंधक काशी मिश्रा ने बताया कि कंबल वितरण वर्ष 2003 में शुरू हुआ इस वर्ष शीतलहरी को देखते हुए हजारों कंबल बाटे जाएंगे पहले दिन दशाश्वमेघ क्षेत्र में बाटा गया है ये वितरण प्रत्येक रात्रि में चिन्हित किए गए स्थानों पर वितरण किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से संस्था के एक्सीक्यूटिव ट्रस्टी ऐ जनार्दन, धिरेन्द्र सिंह समेत मंदिर परिवार रहा और सहयोग में दशाश्वमेघ मंडल अध्यक्ष सुरेश तुलस्यान, एसीपी दशाश्वमेघ अवधेश पांडे और थाना प्रभारी रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक के ग्राम सभा कट्या में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया,जिसमें भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को बारे में बताया गया, आयुष्मान कार्ड एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में वृहद जानकारी दी गई! जिसमें कृषि विभाग से प्रदीप पांडे, ग्राम सचिव गौरी सिंह, प्रधान सुशील कुमार सिंह, जिला महामंत्री भाजपा डॉ आरडी सिंह ,ब्लॉक प्रमुख कवलदीप नारायण एवं विशंभर नाथ शर्मा मंडल महामंत्री, आंगनबाड़ी गीता देवी आशा कार्यकर्ती मालती देवी, राष्ट्रीय आजीविका मिशन समूह की समस्त महिलाएं तथा भारी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग को क्रास करते समय डबल डेकर बस ने मारी छात्रा को टक्कर, छात्रा की हालत गंभीर



प्रखर संतकबीरनगर। कांटे कोतवाली थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के जिगना चौराहे पर एक डबल डेकर बस में रोड क्रॉस कर ही छात्र को मारी टक्कर जिससे छात्रा की हालत हुई गंभीर स्थानीय लोगों ने घटना होता देख मौके पर पहुंचे और कांटे पुलिस को सूचित किया और छात्र को एक प्राइवेट वहां से नजदीकी प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज हेतु पहुंचा मौके पर पहुंची कांटे चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया आज सुबह अनुष्का पुत्री बृजेश गौतम उम्र 16 वर्ष निवासी तेमा रहमत जो की साइकिल से बस्ती जिले के मुंडेरवा में स्थित गन्ना विकास इंटर कॉलेज में पढ़ने जा रही थी अभी वह राष्ट्रीय राजमार्ग के जिगना चौराहे पर रोड क्रॉस कर ही रही थी कि अनियंत्रित डबल डेकर बस ने अपने चपेट में ले लिया जिसे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गई और नजदीक के प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज हेतु पहुंचा दिया गया है।

### जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत आउटडोर एलई डी वाहन को खंड विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



प्रखर संतकबीरनगर। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जिला पूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत आउटडोर एलई डी/ होर्डिंग कार्यक्रम का आज दिनांक 11/01/2024 को जनपद संतकबीर नगर में विकास खंड खलीलाबाद के खण्ड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी रामसुमीरन व सचिवगण के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो पुरे ब्लॉक स्तरीय व राजस्व स्तरीय पर आईईसी गतिविधियों के माध्यम से जन जागरूकता का कार्यक्रम करेंगी एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट संस्था डीपीसी सक्षम प्रताप सिंह व सहायक डी पी सी नीरज जायसवाल के द्वारा ग्रामीण के सभी ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया गया।

### भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा राष्ट्र ने कमल-मित्र योजना प्रति महिलाओं को किया जागरुक

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा राष्ट्र के द्वारा कमल मित्र योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत हर लोकसभा में 300 कमल-मित्र बहनों को तैयार करना है क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी और कमल मित्र क्षेत्रीय संयोजन संध्या त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आया हुआ है।और इसके तहत हर वर्ग की महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। जो कमल मित्र की तहत 15 योजनाएं हैं उनके बारे में बताना और पंजीकरण करके कमल मित्र सर्टिफिकेट दिलवाना इसका उद्देश्य है यह योजनाएं बहुत ही प्रभावकारी है भाजपा अपने महिला कार्यकताओं को अभी से तैयार कर रही है। कमल मित्र योजना बनाकर पहले उन्हें कल्याणकारी



योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षित कर रही है और फिर परीक्षा लेकर चुनावी दृष्टि से उनकी योग्यता परख रही है। इतना ही नहीं कमल मित्र का प्रमाणपत्र देकर अपने महिला कार्यकताओं का हौसला भी बढ़ा रही है। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में इस कार्यक्रम का सिलसिला निरंतर चल रहा है। कार्यक्रम के इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष अमिताभ गुप्ता,समूह सखी शांति देवी, ग्राम पंचायत सहायिका इंद्रावती, आंगनबाड़ी सहायिका तारामंती जी,लालधारी जी,ग्राम प्रधान राम गोपाल पासवान,मनरेगामेट इस्तियाक खान आदि लोग मौजूद थे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं